●वर्ष : 16 ●अंक : 221 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक
# लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 04 दिसम्बर 2024

# दिव्यांगों का सशक्तिकरण समाज की जिम्मेदारी, नजरिए को बदलने की जरूरतः मुर्मू

### 'दया की नहीं, सहानुभूति की जरूरत'

मुर्मू ने कहा, 'उन्हें दया नहीं, सहानुभूति चाहिए। उन्हें खास ध्यान नहीं, बल्कि स्वाभाविक प्यार चाहिए।' राष्ट्रपति ने समाज से आग्रह करते हुए कहा, 'हम एक ऐसी दुनिया बनाएं, जो दिव्यांगजनों को बराबरी और इज्जत दे।' उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांग होना कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक विशेष परिस्थिति है, जिसके लिए अलग तरह के समर्थन की जरूरत होती है।



### 'दिव्यांगों की भागीदारी को महत्व दें'

राष्ट्रपति ने कहा, उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए खास प्रशिक्षण, सलाह और सुविधाएं दी जानी चाहिए। सरकार उनके भले के लिए काम कर रही है। समाज को भी उनकी भागीदारी को महत्व देना चाहिए।

### 'समान अवसर और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जाए'

उन्होंने कहा, दिव्यांगो के लिए ऐसी सुविधाएं बनायी जानी चाहिए, जिनका वे आसानी से इस्तेमाल कर सकें। दिव्यांगों के लिए जीवन को आसान बनाना समाज की प्रगति का एक महत्वपूर्ण पैमाना है। एक संवेदनशील समाज में सभी के लिए समान अवसर और बिना किसी रुकावट के पहुंच सुनिश्चित की जाती है।

### 'दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए करें काम'

उन्होंने सुगम्य भारत अभियान का उदाहरण देते हुए सरकार के प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा, विभिन्न मंत्रालय और विभाग एक साथ मिलकर दिव्यांगों के लिए पहुंच में सुधार लाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनसे आग्रह करती हूं कि वे एकजुट होकर दिव्यांगों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए काम करें।

**नूना न्यूज एजेंसी।**

--------------

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिव्यांगों के लिए सहानुभूति, समावेशिता और समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि उनका सशक्तिकरण समाज और सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में दिव्यांगों के कल्याण के लिए काम करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांगों को लेकर नजरिए में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने दिव्यांगों की विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय उपलब्धियों की भी सराहना की, खासकर खेलों में। मुर्मू ने कहा, 2012 के पैरालिंपिक में भारत ने केवल एक पदक जीता था। जबकि 2024 में दिव्यांगों के प्रति जागरूकता और समर्थन के कारण हमारे खिलाड़ियों ने 29 पदक जीते। यह प्रगति हमारी दिव्यांगों के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता और उनके सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# त्रिपुरा में हमले के बाद बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ाई गई, पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई

>> अगरतला में वाणिज्य दूतावास पर हमले पर विदेश मंत्रालय ने जताया दुख

>> अगरतला की घटना पर चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई



**नूना न्यूज एजेंसी।**

--------------

**नई दिल्ली।** अगरतला में बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शनकारियों के हमले के एक दिन बाद दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया 'सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उच्चायोग के चारों ओर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इसके परिसर के आसपास कोई भीड़ नहीं जुटे।' संसद का शीतकालीन सत्र जारी है, इसलिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 मध्य दिल्ली में लागू है। धारा 163 के तहत पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है। बांग्लादेश में हिंदू साधु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के साथ-साथ हिंदू समुदाय पर हमलों के विरोध में देश के लोगों में भारी गुस्सा है। सोमवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में हजारों लोगों ने 'बांग्लादेशी मिशन' के पास बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास में घुसकर तोड़फोड़ की। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर दुख जताया और इसे खेदजनक बताया। बांग्लादेश उच्चायोग ने अगरतला स्थित अपने मिशन में की सुरक्षा के उल्लंघन पर विरोध दर्ज कराया है। राज्य सरकार ने भी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस घटना में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए। दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

**स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने दी जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की जानकारी, कहा-**

# यह जरूरत पर आधारित योजना

**नूना न्यूज एजेंसी।**

--------------



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण कोई भी महिला योजना से वंचित नहीं रहेगी। यह जरूरत पर आधारित कार्यक्रम है। इसमें बजट कोई मुद्दा नहीं है। वे प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

जेपी नड्डा ने कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान में सभी गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन समेत मुफ्त प्रसव की सुविधा मिलती है। केरल की तुलना महाराष्ट्र से न की जाए, क्योंकि दोनों राज्यों की जनसंख्या में बड़ा अंतर है। योजना के तहत लाभ पाने वाली हर मां का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण कोई भी मां योजना से वंचित नहीं रहेगी। केरल में भी यह जरूरत पर आधारित है। केरल में भी हर गर्भवती का मुफ्त प्रसव होगा।

उन्होंने कहा कि हर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच उसके गर्भधारण करने से पहले से शुरू हो जाती है। साथ ही उसको सारे टीके लगाए जाते हैं। हर महीने की नौ तारीख को सभी जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच करती हैं। आशा कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे उच्च जोखिम वाले रोगियों का इलाज करें क्योंकि उन्हें अधिक जांच की आवश्यकता होती है।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि प्रसव अस्पताल में ही हो। जब प्रसव होता है, अगर यह सी-सेक्शन है, तो अस्पताल में सात दिनों तक रहना निःशुल्क होता है। अगर बच्चे के साथ कोई जटिलता है, तो बच्चे के साथ 10 दिनों तक रहना होता है। उन्होंने कहा कि मां को अस्पताल ले जाने और प्रसव के बाद उसे वापस घर छोड़ने के लिए सरकार द्वारा परिवहन सुविधा दी जाती है। सरकार योजना में हर गर्भवती को लाभ दे रही है।

## समाचार

### पीएम मोदी ने तमिलनाडु सीएम स्टालिन से की फोन पर बात

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम ने तमिलनाडु में बाढ़ की स्थिति पर बात की और राज्य को हर तरह की मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी तबाही मचाई है। इसके प्रभाव से पिछले दो-तीनों में हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। उत्तरी तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले में सड़कों और घरों में पानी भर गया है। तिरुवन्नामलाई जिले में एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने मंगलवार को इस घटना पर दुख व्यक्त किया और मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री एमकी स्टालिन ने कहा है कि इस प्राकृतिक आपदा से 69 लाख परिवार और 1.5 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) से 2000 करोड़ रुपये जारी करने का अनुरोध किया है।

### शाह के पास गडकरी, प्रियंका चौथी पंक्ति में

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में पहली सीट पर बैठेंगे, वहीं विपक्ष की ओर उनके ठीक सामने दूसरे ओर से पहली सीट पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बैठे होंगे। लोकसभा सचिवालय से जारी सीटिंग प्लान में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अब गृहमंत्री अमित शाह के बगल में पहली पंक्ति में चौथी सीट दी गई है। इससे पहले वह दूसरे कॉलम में सीट नंबर 58 पर बैठते थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री के बगल में दूसरी सीट पर बैठेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अगली पंक्ति में सीट नंबर 355 आवंटित हुई है। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय यादव के बगल में बैठेंगे। उनकी पार्टी के अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी और सौगत रॉय को दूसरी पंक्ति में क्रमशः 280, 281 और 284 नंबर की सीटें आवंटित की गई हैं। डीएमके नेता टीआर बालू और ए राजा को भी अग्रिम पंक्ति की सीटें आवंटित की गई हैं। वायनाड से जीतकर पहली बार लोकसभा पहुंची कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को चौथी पंक्ति में सीट नंबर 517 मिली है।

# 26 राफेल-3 स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बेड़े में होंगी शामिल



**नई दिल्ली।** समुद्री क्षेत्र में पड़ोसी देशों की किसी भी अप्रिय गतिविधि का मुंहतोड़ जवाब देने और नौसेना को और सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान और तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियां खरीदेगी। अगले महीने तक 90 हजार करोड़ रुपये की इस खरीद के लिए अलग-अलग समझौते होने की संभावना है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि समुद्री क्षेत्र में चीन व पाकिस्तानी नौसेनाओं की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की अप्रिय हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

नौसेना दिवस से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में नौसेना प्रमुख ने यह भी बताया कि राफेल मरीन पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है।

**ओम बिरला की सांसदों को दो टूक, कहा-**

# अगर ऐसे ही टलती रही कार्यवाही तो रविवार को भी बुलाया जाएगा सदन

### सरकार और विपक्षी दल एक समझौते पर पहुंचे

सरकार और विपक्षी दलों ने सोमवार को संसद में एक सप्ताह से चल रहे गतिरोध को तोड़ने के लिए एक समझौते पर पहुंच गए, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा में संविधान के 75वें वर्ष को अपनाने के अवसर पर चर्चा के लिए तारीखों की घोषणा की गई थी।



### इन मुद्दों के कारण नहीं चल पा रही सदन

उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि उन्होंने आज किसी भी स्थगन नोटिस की सूचना देने की अनुमति नहीं दी है। अदाणी विवाद, उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा और अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पिछले सप्ताह लोकसभा की कार्यवाही नहीं चल सकी है।

**नूना न्यूज एजेंसी।**

--------------

**नई दिल्ली** संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन यानी मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी दी कि अगर स्थगन के कारण सदन की कार्यवाही ऐसी ही बाधित होती रही तो शनिवार और रविवार को भी सदन बुलाया जाएगा। निचला सदन लोकसभा 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा करेगा, जबकि उच्च सदन राज्यसभा 16 और 17 दिसंबर को संविधान पर चर्चा करेगा। प्रश्नकाल के तुरंत बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'शनिवार यानी 14 दिसंबर को सदन की बैठक सुबह 11 बजे होगी। यदि आप स्थगन जारी रखते हैं, तो जितने दिन इसे स्थगित किया गया है, आपको शनिवार और रविवार को भी कार्यवाही में शामिल होना होगा।'

### अदाणी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में दो फाड

*बैठक में नहीं पहुंचे तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन*

**नई दिल्ली** अदाणी मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में एकमत नहीं है। अदाणी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग पर इंडिया गठबंधन को तृणमूल कांग्रेस का साथ नहीं मिलेगा। गठबंधन की सोमवार को बुलाई बैठक में तृणमूल कांग्रेस का एक भी सदस्य नहीं पहुंचा। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने संसद के बाहर कहा कि गठबंधन सहयोगी हमारे किसी मुद्दे को नहीं उठाते हैं, तो ऐसे में हम बैठक में क्यों शामिल हों। ओ ब्रायन ने कहा कि वह जनता के मुद्दों के लिए सदन को चलाने के पक्ष में हैं। ऐसे में इंडिया गठबंधन की बैठक में जाकर क्या करेंगे, जहां सिर्फ अदाणी ही मुद्दा हो। ब्रायन ने कहा, हमारी पार्टी के छह मुख्य बिंदु हैं, जिन्हें हम चाहते हैं कि सदन पटल पर उठाया जाए। यह जनता के मुद्दे हैं, इनकी जवाबदेही से सरकार बच नहीं सकती। इसमें बढ़ती महंगाई, आर्थिक असमानता और आय का असमान वितरण, बेरोजगारी, उर्वरकों की कमी, विपक्षी दलों को मिलने वाले धन में केंद्र का अनावश्यक हस्तक्षेप और मणिपुर तथा पूर्वोत्तर राज्यों की समस्याएं, किंतु कांग्रेस और उसके सहयोगी केवल कुछ मुद्दों पर ही बात कर रहे हैं।

# छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी की मौत की सजा पर रोकः सुप्रीम कोर्ट

**नूना न्यूज एजेंसी।**

--------------



**नई दिल्ली** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड की राजधानी रांची में 19 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड की अनुवादित प्रति मांगी है। पीठ ने कहा, 'मृत्युदंड की तामील पर रोक रहेगी। रजिस्ट्री ऑनलाइन प्रति के अलावा निचली अदालत और उच्च न्यायालय से रिकॉर्ड की प्रति हासिल करें।' झारखंड उच्च न्यायालय ने बिहार के नवादा जिले के रहने वाले राहुल कुमार उर्फ राहुल राज को निचली अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा की पुष्टि की थी। युवती की 15 दिसंबर 2016 को हत्या कर दी गई थी। उससे दुष्कर्म करने के बाद उसका गला घोंट दिया गया था और फिर शव को आग लगा दी गई थी। इस घटना के तीन साल बाद दिसंबर 2019 में निचली अदालत ने राहुल कुमार को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी।

### ठंड बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने बेघरों के लिए आश्रय सुविधाओं के बारे में मांगी जानकारी

ठंड का मौसम आ चुका है और राजधानी दिल्ली में भी पारा गिर रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) से राष्ट्रीय राजधानी में आने वाली सर्द सर्दियों के मद्देनजर बेघर लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 'हम इसे लेकर चिंतित हैं।' पीठ ने डीयूएसआईबी से हलफनामा दाखिल कर बेघर लोगों को आवास देने के लिए बोर्ड के पास उपलब्ध सुविधाओं सहित अन्य विवरण देने को कहा।

### >> दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनमोहन बने सुप्रीम कोर्ट के जज

केंद्र सरकार ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनमोहन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति और भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनमोहन को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश विभु बाखरू को दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया है।

CMYK

# महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ियों पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की चुनाव आयोग से मुलाकात

## महाराष्ट्र चुनाव में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि, मतदाताओं के नाम जोड़े जाने और हटाने के गंभीर मुद्दे उठाए

**नई दिल्ली।** 03 दिसंबर कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चुनाव आयोग से मुलाकात कर महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ियों से संबंधित मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी, मुकुल वासनिक, पवन खेड़ा, नाना पटोले, प्रवीण चक्रवर्ती और गुरदीप सप्पल जैसे वरिष्ठ नेता शामिल थे। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. सिंघवी ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के साथ सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल में विस्तृत चर्चा की है। प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के समक्ष कुछ गंभीर मुद्दे उठाए और पारदर्शिता तथा विभिन्न शंकाओं को दूर करने के लिए विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा। डॉ. सिंघवी ने बताया कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के संज्ञान में लाया कि किस तरह महाराष्ट्र में मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं के नाम हटाए गए। प्रतिनिधिमंडल ने बूथ और निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत डेटा की मांग की, जो अभी उपलब्ध नहीं है। उससे पता चलेगा कि महाराष्ट्र में इतनी बड़ी संख्या में जो मतदाताओं को कम किया गया, उसका आधार क्या है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, चुनाव के शुरूआती दिनों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र के विधानसभा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चुनावी धोखाधड़ी करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न तरीकों के बारे में कई जमीनी स्तर की रिपोर्टें मिलीं। इनमें से महाराष्ट्र भर में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम मनमाने ढंग से हटाए जाने और फिर प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10,000



मतदाताओं के नाम जोड़े जाने के मामले शामिल थे। जुलाई 2024 से नवंबर 2024 के बीच महाराष्ट्र में मतदाता सूची में अनुमानित 47 लाख मतदाताओं की अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। यह ध्यान देने योग्य है कि जिन 50 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 50,000 मतदाताओं की वृद्धि हुई, उनमें से 47 निर्वाचन क्षेत्रों में सत्तारूढ़ गठबंधन ने जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया के बारे में आयोग से विस्तृत जानकारी मांगी है।

# समान अवसर और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रोत्साहन, महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और समावेशिता को बढ़ावा देने का संकल्प



कार्यक्रम में हिस्सा लेते बच्चें।

### दृष्टिहीन बच्चों का प्रेरणादायक बैंड प्रदर्शन बना कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

नई दिल्ली, दिसम्बर : समाज के हर क्षेत्र में समावेशिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को ऋण प्रदान करके वित्तीय समावेशिता को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रहे सुगम्या फाऊंडेशन ने अपना पहला स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस की थीम समावेशिता का उत्सव रखी गई थी। नोएडा सैक्टर-3 के ए ब्लॉक में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय क्रिकेट की पूर्व खिलाड़ी आशा रावत उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में दिल्ली और आसपास के स्लम क्षेत्रों से विभिन्न एनजीओ के कलाकारों ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशिता पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिनका मुख्य उद्देश्य सामाजिक मुद्दों को सामने लाना था। विशेष रूप से दिव्यांग समुदाय के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दृष्टिहीन बच्चों ने लाइव बैंड प्रदर्शन किया, जो एक प्रेरणादायक संदेश था कि विकलांगता कोई समस्या नहीं है, सिर्फ लोगों को अपनी सोच और नजरिया बदलने की जरूरत है। इस दौरान साधन एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक जी.जी. मेमन, सुगम्या फाइनेंस के सह-संस्थापक और निदेशक विकास सिंह और ब्रजमोहन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हमारा मकसद महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने और समाज में हर व्यक्ति को समान दर्जा व अवसर प्रदान करना है, चाहे वह आर्थिक, शारीरिक, मानसिक या किसी भी रूप में हमारे सामने हो।

# संभल फायरिंग घटना: प्रभावित परिवारों को 5 लाख रुपये की सहायता देने पहुंची जमीयत की टीम, पुलिस ने रोका, डिमांड ड्राफ्ट परिवारों को सौंपे, शहीदों के परिजनों ने मौलाना महमूद असअद मदनी का धन्यवाद किया

**नई दिल्ली।** 3 दिसंबरः जमीयत उलेमा-ए-हिंद (JUH) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के निर्देश पर, महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी और राज्य दीनी तालीमी बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अफ़्फ़ान मंसूरपुरी की नेतृत्व में जमीयत का एक प्रतिनिधिमंडल आज पुलिस फायरिंग में शहीद हुए लोगों के परिवारों को वित्तीय सहायता और संवेदनाएं देने के लिए संभल पहुंचा। जमीयत ने अपनी सेवा कार्य की पहल के तहत प्रत्येक प्रभावित परिवार को ?5 लाख की वित्तीय सहायता के डिमांड ड्राफ्ट तैयार किए थे, जिन्हें सीधे परिवार के मुखिया को सौंपा गया। इस प्रक्रिया के दौरान पुलिस वहां पहुंची और प्रतिनिधिमंडल को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की। इस पर मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी को भी पीड़ितों की मदद और संवेदना व्यक्त करने से रोकने का कोई अधिकार नहीं



है। मुफ्ती मोहम्मद अफ़्फ़ान मंसूरपुरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पीड़ितों की सहायता करना और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना है, जिसे हम अपना धर्म समझते हैं। पुलिस के साथ लंबी बातचीत और चर्चा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने शहीदों के परिजनों से संवेदना व्यक्त करते हुए सहायता राशि उनके हवाले की। इस मौके पर यह आश्वासन भी दिया गया कि जमीयत आगे भी सहयोग करती रहेगी और हर संभव मदद के लिए खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, "हमने जो भी संभव सहायता की है, उसे केवल संवेदना और दिलासा के रूप में समझा जाए। बाकी लाभ केवल अल्लाह के पास है। हमारी कोशिशें भी सिर्फ अल्लाह की रजा के लिए हैं।

# राजस्थान के सलूंबर एवं डूंगरपुर जिले राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2024 से सम्मानित

**नई दिल्ली, 03 दिसम्बर, 2024।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजस्थान के सलूंबर एवं डूंगरपुर जिलो को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन



में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में सलूंबर जिले की ओर से जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू और डूंगरपुर जिले की ओर से जिला कलेक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सलूंबर के कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि ह्यसुगम्य भारत अभियानह्व के तहत जिले के 1,000 से अधिक सरकारी इमारतों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बनाया है। इसके लिए रैंप और लिफ्ट का प्रावधान किया गया जिसके लिए दिव्यांगजनों की पहचान के लिए घर-घर सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान में 5,900 से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र और 4,400 यूडीआईडी कार्ड जारी करना सुनिश्चित कर गैर सरकारी संगठनों और विभिन्न विभागों के साथ इसके सहयोग से दिव्यांग समुदाय के लिए बेहतर सुगमता और जागरूकता सुनिश्चित की गई है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने नो वन लेफ्ट बिहाइंड अभियान के तहत 8,692 दिव्यांगजनों को पेंशन 5,100 यूडीआईडी कार्ड और 217 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1,057 दिव्यांग जनों को सहायता प्रदान की।

# श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकारों को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको मेरा नमस्कार। एक अहम मुद्दे पर आपसे चर्चा करनी है। हम सबके जीवन को अर्थव्यवस्था टच करती है। लेकिन पहले सुन लेते हैं मोदी जी क्या कह रहे हैं अभी के हालातों के बारे में, अभी की अर्थव्यवस्था के बारे में, जीडीपी का नंबर आया है, रुपया संभाले नहीं संभल रहा है, महंगाई सिर के पार है। पहले सुनते हैं मोदी जी के उस पर क्या विचार हैं, फिर आगे की चर्चा करेंगे। (प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का एक पुराना वीडियो दिखाया गया, जिसमें वो देश की विकास दर के आंकड़ों के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए



मीडिया को वक्तव्य दे रहे हैं) ये मोदी जी का शब्द है डांवाडोल हो चुकी है स्थिति। ये मेरा शब्द नहीं है, ये नरेंद्र मोदी जी का शब्द है। स्थिति वाकई में डांवाडोल है और इसलिए अर्थव्यवस्था पर चर्चा करनी है, जिसको बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है मोदी सरकार। जीडीपी की जो दर 21 महीने में सबसे लो, ऑलमोस्ट दो साल में सबसे लो 5.4 पर आई है, उस पर चर्चा करनी है। विकास नहीं हो रहा है, नौकरियां नहीं बन रही है, महंगाई, लोग अपनी बचत खर्चा करने को मजबूर हैं। उपभोग और निवेश घट रहा है, मैन्युफैक्चरिंग घटके 2.2 प्रतिशत पर आ गई है, रुपया संभले संभल नहीं रहा है, सब्जी की कीमतें 48 प्रतिशत बढ़ गई हैं और गोल्ड लोन, मोदी जी चुनाव में एक बात कहते थे - आपका मंगलसूत्र छीनकर ले जाएंगे। वो अपनी बात करते थे क्योंकि नरेंद्र मोदी ने इस देश के लोगों को मजबूर कर दिया है कि पिछले सात महीने में इस वित्तीय महीने के सात महीने में 50 प्रतिशत की उछाल हुई है गोल्ड लोन पर।

# तकनीक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का बड़ा कदम

नई दिल्ली, दिसम्बर : हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के ईवीएम ब्रांड ने भारत में पहला मेड-इन-इंडिया स्टोरेज उत्पाद लॉन्च कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। ईवीएम अब साटा तथा डीडीआर 4 व 5 रैम मॉड्यूल के साथ शुरुआत कर रहा है, जो उपभोक्ताओं और पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस लॉन्च से ईवीएम ने आईटी स्टोरेज सॉल्यूशंस में नंबर 1 भारतीय ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत की है।कंपनी के प्रबंध निदेशक कुणाल हुंडिया ने इसे भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक बताते हुए कहा कि ईवीएम स्थानीय स्तर पर बने स्टोरेज उत्पादों का विस्तार करेगा।

# भारत की आर्थिक प्रगति में ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका, स्थिर रोजगार और आर्थिक प्रगति में बढ़ रहा योगदान

### भारत के आर्थिक इंजन के अनकहे नायक, शहरीकरण और स्मार्ट सिटी प्रोजैक्ट्स ने बढ़ाए रोजगार के अवसर

नई दिल्ली, दिसम्बर : भारत के शहरी केंद्रों में ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ बनते जा रहे हैं। इन कर्मियों में प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, डिलीवरी एग्जीक्यूटिव और तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले लोग शामिल हैं। शशि कुमार, हैड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया, के अनुसार ये कर्मी शहरी जीवन के अनकहे नायक हैं, जो त्योहारों पर रोशनी फैलाने से लेकर दैनिक जरूरतों की पूर्ति में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इनडीड इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, ई-कॉमर्स, एमएसएमई और शहरीकरण में हो रहे तेजी से ब्लू-कॉलर नौकरियों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले पदों में इलेक्ट्रिशियन प्रमुख हैं, जो औसतन 16 हजार 300 प्रतिमाह वेतन प्राप्त करते हैं। ये कर्मी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, रिन्युएबल एनर्जी और सस्टेनेबल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कैशियर का पद भी अत्यधिक मांग में है। संगठित रिटेल, सुपरमार्कीट्स और डिजीटल भुगतान के बढ़ते उपयोग ने इस भूमिका को और अहम बना दिया है। औसत 14 हजार 5 सौ प्रतिमाह वेतन पर कैशियर लेन-देन को सुचारू रूप से संचालित करने और ग्राहक सेवा प्रदान करने में मदद करते हैं। वहीं, डिलीवरी एग्जीक्यूटिव और ड्राइवर्स शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभिन्न अंग हैं। ये कर्मी औसतन 14 हजार 4 सौ प्रतिमाह वेतन पाते हैं और ई-कॉमर्स तथा लॉजिस्टिक्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करते हैं। ब्लू-कॉलर कार्यबल के बिना शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं का संचालन असंभव है। इन कर्मियों की बढ़ती मांग उनके महत्व को दर्शाती है, जिससे स्पष्ट होता है कि भारत की आर्थिक वृद्धि और विकास में ये कर्मचारी एक अनिवार्य भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में इनकी समस्याओं पर ध्यान देकर उन्हें प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान करना आवश्यक है।

# भाजपा नेता प्रदीप भारद्वाज ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से मुलाकात कर विधानसभा की समस्याओं पर चर्चा की

नई दिल्ली, दिसम्बर : नरेला विधानसभा की विभिन्न समस्याओं को लेकर नरेला से भाजपा नेता प्रदीप भारद्वाज ने केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदीप भारद्वाज ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान उनके साथ नरेला विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने इस दौरान नरेला विधानसभा की विभिन्न समस्याओं के बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को अवगत कराया। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान प्रदीप भारद्वाज ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की सरकार की विफलता पूरी तरह उजागर हो गई है।

मंहगाई कम करने और बेरोजगारी मिटाने, का जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। केजरीवाल दिल्ली में जहां-जहां जा रहे है उन्हें जनता के साथ वादा खिलाफी के कारण विरोध सहना पड़ रहा है। दिल्ली की जनता जवाब मांग रही है, जनता का अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी से में विश्वास उठ चुका है। दिल्ली में उनके खिलाफ पनप रहे विरोधाभास माहौल के चलते दिल्ली की जनता भी 2025 विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है।

# सुपर डीलक्स सुविधाओं से लैस होगी महाकुम्भ की टैंट सिटी

प्रयागराज, दिसंबर : प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सैक्टर-20 में 2000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुम्भ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुम्भ कॉटेज, कुम्भ विलेज, कुम्भ कैनवस व एरा प्रमुख हैं। इस संबंध में खास बात यह है कि वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड्स के अनुसार इन टेंट्स की स्थापना व संचालन की जाएगी जो फाइव स्टार होटल क्षेणी की सुविधाओं से लैस होंगी। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगी जिनका प्राइसिंग 1500 से 35 हजार के बीच



प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4000 से 8000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुम्भ 2025 में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च की समयावधि के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुम्भ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है। इन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में होगी। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृष्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा।

# विश्व दिव्यांग दिवस 2024: एनसीपीईडीपी ने मीडिया टूलकिट लॉन्च कर समावेशी रिपोर्टिंग की अपील की

**नई दिल्ली, 3 दिसंबर, 2024:** मीडिया समाज और सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करने का एक सशक्त माध्यम है। यह व्यवहार बदलने और रूढ़ियों को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मीडिया के इस प्रभाव को स्वीकारते हुए, नेशनल सेंटर फॉर



प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसएबल्ड पीपल (एनसीपीईडीपी) ने ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और ईएक्सएल के साथ मिलकर "मीडिया टूलकिट एक गाइड टू रिपोर्टिंग डिसएबिलिटी" लॉन्च की। यह टूलकिट पत्रकारों को सम्मानजनक भाषा, बेहतरीन रिपोर्टिंग प्रथाओं, और दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ पेश करने की रणनीतियों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगी।-

एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने टूलकिट लॉन्च के मौके पर कहा, "यह टूलकिट पत्रकारों को सटीक और सम्मानपूर्वक रिपोर्टिंग के लिए तैयार करेगी। इसका उद्देश्य दिव्यांगता से जुड़े अधिकारों और क्षमताओं को उजागर करने वाली भाषा को बढ़ावा देना है, न कि केवल चुनौतियों को । इसमें आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 और यूएनसीआरपीडी जैसे कानूनी ढांचे को समझने के लिए संसाधन भी शामिल हैं। मुझे उम्मीद है कि यह पहल मीडिया में ऐसा परिदृश्य तैयार करेगी, जहां दिव्यांग व्यक्तियों को पीड़ित या नायक के रूप में नहीं, बल्कि समान अधिकारों, आकांक्षाओं और योगदानों वाले व्यक्तियों के रूप में चित्रित किया जाएगा। इस टूलकिट की लॉन्चिंग के बाद "द रोल ऑफ मीडिया इन शेपिंग द डिसकोर्स ऑन डिसएबिलिटी" नामक पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जिंदल स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन के डीन प्रो. किशलय भट्टाचार्य ने की। पैनल में अरमान अली, ग्रेमैटर्स कम्युनिकेशंस के संस्थापक निदेशक डॉ. नवनीत आनंद, ईएक्सएल के सीनियर असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट भारत शर्मा, और ईएक्सएल की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट मुस्कान जैन ने भाग लिया। चर्चा के दौरान, डॉ. नवनीत आनंद ने भारतीय मीडिया में दिव्यांगता समावेशी रिपोर्टिंग में आने वाली चुनौतियों और इन मुद्दों को बेहतर ढंग से कवर करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई पत्रकार दिव्यांगता पर संवेदनशील और सटीक रिपोर्टिंग के बारे में जागरूक या प्रशिक्षित नहीं होते हैं, जिससे सनसनीखेज रिपोर्टिंग या रूढ़िवादी दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। भारत शर्मा ने कॉर्पोरेट क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो समावेशी कहानियों को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। वहीं, मुस्कान जैन ने दिव्यांगता को एक समर्पित मीडिया बीट के रूप में स्थापित करने का सुझाव दिया और कहा कि मीडिया टूलकिट इस बदलाव के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में कार्य कर सकती है। इस वर्ष का थीम "दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को सशक्त बनानाः समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए" सभा में गहराई से गूंजा। टूलकिट का उद्देश्य मीडिया में दिव्यांग व्यक्तियों को अधिक सटीक, विविध, और सकारात्मक तरीके से चित्रित करना है। शाम को, दिव्यांगता जागरूकता, समावेश, और समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के योगदान को दशार्ने के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन को बैंगनी रोशनी में जगमगाया गया।

# केजरीवाल के खास, 3 बार के विधायक और कैबिनेट मंत्री, जानें कौन हैं सौरभ भारद्वाज

**दिल्ली।** साल 2013 में सौरभ भारद्वाज पहली बार अन्ना आंदोलन के बाद बनी आम आदमी पार्टी के टिकट पर ग्रेटर कैलाश जैसी वीआईपी सीट से चुनाव मैदान में उतरे। पहली ही बार में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव के मैदान में उतरे और दिल्ली के प्रमुख नेताओं में शामिल विजय कुमार मल्होत्रा के बेटे को शिकस्त दी थी। जब दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की 49 दिन की सरकार बनी थी तो उस समय वे कैबिनेट मंत्री भी बनाए गए थे। आप विधायक सौरभ भारद्वाज दिल्ली के रहने वाले हैं। उनका जन्म 12 दिसंबर 1979 को हुआ है। उनकी पढ़ाई लिखाई सब दिल्ली में हुई। उन्होंने कंप्यूटर इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहवे उन्होंने बतौर सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट काम किया। दिल्ली में हुए जन लोकपाल को लेकर हुए आंदोलन के दौरान उनकी मुलाकात अरविंद केजरीवाल से हुई। यहीं से इनका साख शुरू हुआ जो आज तक कायम है। केजरीवाल के साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की। सौरभ भारद्वाज साल 2013 में पहली बार आम आदमी पार्टी के टिकट पर ग्रेटर कैलाश जैसी वीआईपी सीट से चुनाव मैदान में उतरे। पहली ही बार में उन्होंने बीजेपी नेता विजय कुमार मल्होत्रा के बेटे को शिकस्त दी। जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की 49 दिन की सरकार बनी थी तो उस समय वो कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। उनके पास परिवहन, खाद्य और आपूर्ति, पर्यावरण और जीएडी जैसे बड़े विभाग थे। ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सौरभ भारद्वाज यहां से वो तीन बार लगातार विधायक चुने गए। 2015 फिर 2020 में यहां की जनता ने एक बार फिर से चुनाव। हर बार उन्होंने भारी मतों से जीत हासिल की।

# दिल्ली में बदलते राजनीतिक माहौल से कांग्रेस को लगातार मिल रही बढ़त : देवेन्द्र यादव

### हार के डर से नई दिल्ली सीट छोड़ सकते हैं अरविन्द केजरीवाल

नई दिल्ली, दिसम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा को दिल्ली की जनता के अभूतपूर्व समर्थन का परिणाम दिल्ली में दिखना शुरू हो गया है। लोगों को धोखा देकर और भ्रम फैलाकर सत्तासीन हुए अरविन्द केजरीवाल को भी अब हार का डर सताने लगा है। आम आदमी पार्टी में कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा चर्चा का विषय बना हुआ है और 2025 में हार के डर के कारण जहां आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेता अपनी सीट बदल कर सुरक्षित सीटों



लोगों से संवाद करते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव।

की तलाश कर रहे है वहीं अरविन्द केजरीवाल भी हार के डर से अपनी नई दिल्ली विधानसभा सीट को बदल कर चुनाव लड़ेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में 11 वर्षो के कुशासन, भ्रष्टाचार, निष्क्रियता और जनता की अनदेखी करना आम आदमी पार्टी को भारी पड़ रहा है। अरविन्द केजरीवाल सहित उनके मंत्री और विधायकों ने अपने कार्यकाल में जनता की समस्याओं पर कभी गौर नही किया और सत्ता से पहले हर चुनाव में जो वायदे किए थे उनको निभाने में विफल रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बदलता माहौल इतना गरमरा गया है कि चुनावी सभाओं में अरविन्द केजरीवाल सहित इनके मंत्रियों और नेताओं का बहिष्कार किया जा रहा है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता के पैसे को भ्रष्टाचार की भेट चढ़ाकर अपने चुनावों में इस्तेमाल करने वाली आम आदमी पार्टी का खुलासा हो चुका है। शराब घोटाला, शीश महल भ्रष्टाचार, शिक्षा क्लास रुम घोटाला, स्वास्थ्य घोटाला, डीटीसी घोटाला, दिल्ली जल बोर्ड घोटाला, राशन घोटाला, मौहल्ला क्लीनिक में टेस्ट भ्रष्टाचार, टैंकर घोटाला, प्रदूषण, गाद निकालने में घोटाला सब दिल्लीवालों के सामने है। वृद्ध पैंशन पैंशन न मिलने से परेशान है, युवा बेरोजगारी से परेशान है।

# नगर में हनुमान चालीसा के पाठ का हुआ सामूहिक आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया, बताते चलें कि प्रत्येक मंगलवार को मोहल्ला कायस्थान में हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है तथा इसी क्रम में इस मंगलवार को भी हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवं प्रसाद का वितरण किया गया, वही श्री राम सेवा समिति के कार्यकताओं ने भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया, उधर नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर भी सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-छोटे बच्चों सहित युवा एवं महिला, पुरुषों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया बताते चलें कि श्री झारखंड महादेव शिव कावड़ बेड़ा संघ हसनपुर द्वारा सनातन धर्म की रक्षा एवं विश्व कल्याण के लिए प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में इस मंगलवार को भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से राहुल हिंदुस्तानी, विपिन हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, निशांत चौहान, अभिषेक ठाकुर, गिरजा शंकर बंसल, बबलू प्रजापति, अंकित, सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, दामोदर शर्मा, कपिल, मयंक, उमेश शर्मा, दिव्यांश, महेश शर्मा आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# 8 दिसंबर को नगर में निकलने जा रही शौर्य यात्रा में सनातन समाज का रहेगा पूरा समर्थन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार की देर रात नगर के आर्य समाज मंदिर में नगर में 8 दिसंबर को बजरंग दल द्वारा निकाली जा रही शौर्य यात्रा के संबंध में सनातन जागरण मंच की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सनातन जागरण मंच ने शौर्य यात्रा को अपने पूर्ण समर्थन की सहमति दी, वही संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर चर्चा हुई साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई, बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर निंदा की गई तथा सनातन बोर्ड बनाने की भी मांग की गई, बताते चले की नगर में बजरंग दल द्वारा 8 दिसंबर को एक विशाल शौर्य यात्रा नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज से निकाली जाएगी जो मोहल्ला लालबाग, संभल अड्डा, रहरा अड्डा से होती हुई मेंन बाजार से गुजरेगी, बता ते चले कि शौर्य यात्रा को सफल बनाने के लिए बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अन्य हिंदू संगठन लगातार लोगों से संपर्क कर रहे हैं और 8 दिसंबर को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में भारी संख्या में एकत्र होने की अपील लोगों से कर रहे हैं।

# बृहद गौ संरक्षण गौशाला एवं इंटरलॉकिंग सड़क व नालें का विधायक ने किया फीता काट कर उद्घाटन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को हसनपुर विधानसभा के ग्राम चंदन कोटा में एक करोड़ साठ लाख की लागत से बनी वृहद गो संरक्षण गौशाला तथा ग्राम चंदनपुर कोटा में स्कूल से गौशाला तक 420 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क तथा नाले का भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने फीता काटकर शुभारंभ किया, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ सबका विकास तथा सबके विश्वास पर कार्य कर रही है, तथा मुख्यमंत्री जी ने गायों के संरक्षण के लिए अनेकों गौशालाएं बनवाई हैं, वहीं उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने गोवंशीय पशुओं को आवारा ना छोड़े आवश्यकता पड़ने पर गौशाला में पहुंचाएं, इस मौके पर मुख्य रूप से राजीव गोयल, पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीमती आभा, सीडीओ अश्वनी कुमार, देवेंद्र खड़कवंशी, शिव कुमार खड़कवंशी, पवन राज जाटव, ए पी ओ सौरभ कुमार आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# किसी भी कीमत पर नहीं लगने देंगे स्मार्ट मीटर : चौधरी दिवाकर



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**नौगांव सादात।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकताओं ने नौगांव सादात उप जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपते हुए किसान समस्याओं के जल्द ही निस्तारण की मांग उठाई है, इस मौके पर भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि सूबे की योगी सरकार के द्वारा किसान व आम जनता के हित में अच्छे कार्य किये जा रहे हैं, घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को एक मुश्त समाधान योजना की 15 दिसंबर से सौगात, निजी नलकूपों के लिएं बिजली निशुल्क करने के साथ ही घरेलू विधुत मीटरों से बिल बनाने की प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। किंतु स्मार्ट मीटर तकनीकी जांच में खराब साबित हुए हैं अतः हमारा संगठन इन स्मार्ट मीटरों के लगाए जाने का पूर्ण विरोध करता है। किसी भी सूरत में सुवे में स्मार्ट मीटर नहीं लगे देगा साथ ही विधुत विभाग की बिलिंग वेबसाइट को सही कराया जाए जिससे गलत बिल निकाल कर संशोधन के नाम पर अवैध उगाही बंद हो सके, तथा वर्तमान पेराई सत्र के लिएं कम से कम 450 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित हो,जनपद निर्माण को 25 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इस जनपद में ट्रामा सेंटर - विकास प्राधिकरण व जिला सहकारी बैंक बोर्ड का गठन तक नहीं हो पाया है, जनपद के समुचित व समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्यों को तत्काल रूप से कराया जाना चाहिए। तिगरी गंगा धाम को हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जाए, जिसके लिएं तिगरी से ब्रजघाट तक गंगा रिवर फ्रंट बनाते हुए इसे पर्यटक स्थल घोषित किया जाए, साथ ही गंगाजल की पवित्रता व स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तिगरी में 10 बेड का एक विधुत शवदाहगृह का निर्माण कराया जाये। इस दौरान मांग-पत्र सौंपने वालों में मुख्य रूप से नेमपाल सिंह मनोज त्यागी,, राकेश चौधरी, रविपाल सिंह, जरीना ,जानी, संतोष चौधरी पूनम चौधरीसमेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रीडा प्रतियोगिता का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काट किया शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीडा प्रतियोगिता अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, वहीं दौड़ खेल प्रतियोगिता 100 मीटर और 200 मीटर प्राइमरी स्तर बालक मोहम्मद जैद प्राथमिक विद्यालय पूठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दौड़ खेल प्रतियोगिता 50 मीटर प्राइमरी स्तर बालिका कनिका बसेड़ा ने प्रथम स्थान और परीक्षा मकनपुर सुमाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता 100 मीटर प्राइमरी स्तर बालक मोहम्मद जैद प्राथमिक विद्यालय पूठी ने प्रथम स्थान एवं मोहम्मद फैज शेरगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ खेल प्रतियोगिता 100 मीटर प्राइमरी स्तर बालिका कनिका बसेड़ा ने प्रथम स्थान तथा परीक्षा मकनपुर सुमाली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लंबी कूद प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कोहिनूर ने प्रथम तथा मोहम्मद जैद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग गुंजन ने प्रथम और राधिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जहां खो खो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा खुर्द और बालिका वर्ग में बसेड़ा खुर्द विजय रहे। कबड्डी बालक वर्ग प्राथमिक विद्यालय पीपली दाऊद और बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा खुर्द विजय रहे। दौड़ 100 मीटर जूनियर स्तर बालक जुनेद टांडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मौके पर उदयवीर सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी, अभिनव कौशिक भाजपा जिला महामंत्री, ब्लॉक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह चौहान, प्रधान अनिल गुर्जर, प्रधान अध्यापक नादिर अख्तर, दिलीप तोड़ीवाल, पंकज चाहल, विकास बंगा, अनुराधा शर्मा, रितु भटनागर, कल्पना वर्मा, सुमन रानी, विनोद गौतम, सोम सिंह, पदम सिंह, दीपक कुमार, सुरेंद्र सिंह, उपदेश कुमार, जगबीर सिंह, उज्जवल वर्मा समेत अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े चोरी करते तीन बालचोर पकड़े, पुलिस को सौंपे

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार तीन बाल चोरों को रंगे हाथों चोरी करते हुए पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया बता ते चले कि नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित जयकरन सिंह के मकान का निर्माण चल रहा है। और उसमें दो बड़े गाटर करीब 5 कुंतल सरिया, समरसेबल का केबिल समेत करीब पच्चीस हजार के माल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंगलवार को दोपहर के बाद मौके पर पहुंचे मकान स्वामी जयकरन सिंह ने जैसे ही नवनिर्माणधीन मकान में कदम रखा तो तीन बाल चोरों समेत पांच लोग जनरेटर की टंकी आदि खोलने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने रंगे हाथों तीन बाल चोरों को पकड़ लिया और मौके का फायदा उठाकर दो चोर फरार हो गए तथा मामले की पुलिस को सूचना दी गई जहां मौके पर डायल पुलिस समेत कोतवाली पुलिस पहुंच गई। एवं पीड़ित ने तीनों चोरों को पुलिस के हाथों में सौंप दिया। जहां दिन दहाड़े घटना को अंजाम देते हुए तीन बाल चोर रंगे हाथों पकड़े जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल पुलिस मामले में की अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। बता ते चलें कि बाल चोरों द्वारा पहले भी छोटी-छोटी चोरियों को अंजाम दिया जाता रहा है।

## कान्हा गौशाला में गायों की मौत मामले में पालिका कर्मियों पर हुई कार्रवाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला में मृत एवं बीमार गाय प्रकरण के मामले में कुछ कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की गई है, बता ते चले कि सोमवार को नगर की कान्हा गौशाला में बीमार पशुओं एवं मृत पशुओं की पक्षियों द्वारा आंखें निकाले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वहीं सूचना पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकताओं ने जमकर हंगामा करते हुए गोवंश पशुओं की देखभाल न करने एवं पर्याप्त चारा नहीं देने के आरोप लगाए थे। साथ ही कुछ माह पुर्व जिंदा गौवंश पशुओं को दबाने के आरोप भी लगाए थे, सोमवार को पूरे मामले में एसडीएम सुनीता सिंह ने संज्ञान लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, तथ एसडीएम के निदेशों पर अधिशासी अधिकारी द्वारा कुछ कर्मचारियों पर निलंबन समेत विभागीय कार्रवाई की गई है।

## पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित हो वेटरिनरी कॉलेज, इंटरनेशनल स्टेडियम और कान्हा गोशाला : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर, 3 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ताल नदोर में बन रहे वेटरिनरी कॉलेज (पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय) और यहां प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम तथा कान्हा गोशाला को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाए। सरकार की मंशा इस क्षेत्र को विकास का एक नया मॉडल बनाने की है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न गोरखपुर के ताल नदोर में बन रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की डिजाइन, लेआउट, मॉडल का अवलोकन कर इसके प्रमुख आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि ताल नदोर में 80 से 100 एकड़ में प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और 52 एकड़ में नगर निगम की तरफ से बनाए जाने वाले कान्हा गोशाला को भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक दायरे में लाया जाए। इस पायलट प्रोजेक्ट से हम यहां कुल ढाई-तीन सौ एकड़ क्षेत्रफल में विकास का शानदार मॉडल बना सकेंगे। लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने बताया कि इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए 106 एकड़ क्षेत्रफल में प्रारंभिक सर्वे का काम किया जा चुका है। इसके अलावा 52 एकड़ में बनने वाले कान्हा गोशाला का निर्माण सीएनडीएस द्वारा कराया जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्यों को एक दायरे में लाने पर काम किया जाए। वेटरिनरी कॉलेज के निर्माण की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रथम चरण का निर्माण मार्च 2026 में पूरा करा लिया जाएगा।

# सहारा शॉपिंग सेंटर, अयोध्या ,रोड के व्यापारी हुए एकजुट



**लोकतंत्र की शान /लखनऊ /ब्यूरो देवेंद्र शर्मा**

**लखनऊ।** 3 दिसंबर, मंगलवार अयोध्या रोड स्थित सहारा शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान का बीड़ा उठाया तथा नई पहल करते हुए बिल्डर के सहयोग का इंतजार किए बिना, आपसी आर्थिक सहयोग से चंदा इकट्ठा करके 30 साल पुरानी खस्ता हाल लिफ्ट के स्थान पर नई लिफ्ट लगवाई ताकि व्यापारियों ग्रहको एवं आगंतुकों को सुविधा मिल सके तथा उनका व्यापार चालू गति से चल सके शॉपिंग सेंटर में व्यापारियों के सहयोग से लगाई गई नवीन लिफ्ट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा किया गया इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार ,सहारा शॉपिंग सेंटर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश श्रीवास्तव, महामंत्री आर्किटेक्ट सुनील श्रीवास्तव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर संजय गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष डॉ एस के रावत, संयुक्त मंत्री चार्टर्ड अकाउंटेंट राजीव शर्मा सहित सहारा शॉपिंग सेंटर के व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे , कार्यक्रम में संगठन के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में सहारा शॉपिंग सेंटर के 120 व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडलकी सदस्यता ली इस नवीन लिफ्ट के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सहारा शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों के उत्साह एवं आपसी सहयोग की प्रशंसा की तथा उन्होंने कहा कि सहारा शॉपिंग सेंटर के व्यापारियों का यह प्रयास लखनऊ के सभी कॉम्पलेक्स के व्यापारियों लिए एक नजीर एवं मिसाल बनेगा जिन बाजारों में बिल्डर सहयोग नहीं कर रहे हैं वहां पर व्यापारी अपनी सुविधाओं के लिए खुद आगे बढ़कर काम करेंगे ऐसा जज्बा इससे मिलेगा, उन्होंने संगठन की सदस्यता लेने वाले सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए उनकी हर समस्या में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर कुमार ने बताया शीघ्र ही यहां पर संगठन का गठन करके व्यापारियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

## बसाई गई कॉलोनी पर चला बुलडोजर अब 16 अभियंताओं पर होगी बड़ी कार्रवाई



**लोकतंत्र की शान संवाददाता**

राजधानी को शहर शहर को बाजार बनाकर अतिक्रमण और जाम में धकेलने वाले अभियंताओं पर होगी बड़ी कार्रवाई जिसको लेकर विकास प्राधिकरण हुआ सख्त मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इंदिरा नगर के चांदन गांव और हजरतगंज में अवैध निर्माण कराने वाले 16 अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी है। साथ ही एलडीए ने बिल्डरों और अभियंताओं के गठजोड़ पर करारा प्रहार करते हुए संरक्षण में 25 बीघे में विकसित की जा रही पाम पैराडाइज टाइटल कालोनी पर सोमवार को बुलडोजर भी चला दिया। एलडीए की टीम ने वहां बनाई गई सड़कों, नालियों और बाउंड्रीवाल को ध्वस्त कर एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अमर अग्रवाल और उनके साथियों द्वारा चांदन में मानस सिटी कॉलोनी के पास भूमि खसरा संख्या-288 पर लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में प्लॉटिंग कर रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इस पर विहित प्राधिकारी न्यायालय ने कार्रवाई के आदेश दिए थे प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने सीलिंग करते हुए बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। बिल्डर ने विहित न्यायालय के आदेश के खिलाफ आयुक्त न्यायालय में अपील दाखिल की। इस पर आयुक्त न्यायालय ने अपील खारिज करते हुए अवैध निर्माण रोकने में नाकाम अभियंताओं पर कार्रवाई का आदेश दिया।

## ऐतिहासिक परेड ग्राउंड में सिख लाई रेजिमेंट के अग्निवीरों ने देश की सेवा करने की शपथ ली



**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ/फतेहगढ़।** 03 दिसंबर 2024 सिख लाई रेजिमेंट सेंटर फतेहगढ़ का ऐतिहासिक चटर्जी मैदान 03 दिसंबर 2024 को अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड का गवाह बना। कर्तव्य, उत्साह और जोश से भरे 189 अग्निवीर उनका 31 सप्ताह का सैन्य प्रशिक्षण पूरा होने के बाद भारतीय सेना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए। अग्निवीर लवप्रीत सिंह ने पासिंग आउट परेड का नेतृत्व किया। सिख लाई रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर एमके जैन ने परेड की समीक्षा की, जिसमें अग्निवीरों के बीच ड्रिल, टर्नआउट, अनुशासन और जोश के उत्कृष्ट मानकों का प्रदर्शन किया गया। परेड को संबोधित करते हुए सेंटर कमांडेंट ने सिख लाई रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि आप सभी को अपने पूर्वजों की तरह सफल बनना है और हमेशा सच्चे दिल से मातृभूमि की सेवा और रक्षा करनी है। सेना देश का गौरव है इसलिए आपका आचरण, अनुशासन और योग्यता दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत होनी चाहिए। उन्होंने अग्निवीरों को युद्ध की नई तकनीकी,विकास के प्रति सचेत रहने की सलाह दी और बताया कि भविष्य के युद्ध नई तकनीक पर ही आधारित होंगे, इसलिए तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता। प्रशिक्षण के दौरान अग्निवीर लवप्रीत सिंह को ड्रिल में सर्वश्रेष्ठ, अग्निवीर साहिलप्रीत सिंह को फायरिंग में सर्वश्रेष्ठ, अग्निवीर कुलवंत सिंह को शारीरिक प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ और अग्निवीर प्रियांशु पाल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सेंटर कमांडेंट द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया। सेंटर कमांडेंट से मेडल पाकर जवान उत्साहित दिखे। पासिंग आउट परेड के मौके पर सिख लाई रेजिमेंट सेंटर के अधिकारी और विभिन्न राज्यों से आए अग्निवीरों के परिजन भी मौजूद रहे।

## योगी सरकार ने विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों और संगठनों को सम्मानित किया



**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**

**लखनऊ।** 03 दिसंबर 2024 विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में भव्य राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांगजनों, उनके हित में कार्यरत संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तहत बेटियों की शादी के लिए अनुदान राशि को 150 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही, आय सीमा को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 46,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये और शहरी क्षेत्रों के लिए 56,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। 30 नवंबर, 2024 तक 49,409 लाभार्थियों के खातों में 98.82 करोड़ रुपये की धनराशि ट्रांसफर की जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी गरिमा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# 45 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा करेंगे हाईटेक रिमोट लाइट बॉय



**प्रयागराज, 03 दिसम्बर :** महाकुम्भ 2025 को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर परिस्थिति में 45 करोड़ लोगों के संगम स्नान का पूरा सुरक्षित प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए पीएसी के साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मिलकर काम कर रही हैं। जिसमें बाकायदा एक एक श्रद्धालु की सुरक्षा को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। यहां 700 झंडे लगी नाव पर 24 घंटे पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को मौजगिरी के रास्ते सुरक्षित निकाले जाने की योजना बनाई गई। सबसे खास बात यह है कि संगम नोज से किलाघाट तक सभी जर्जर नाव हटाई जाएंगी। इसी क्रम में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर रिमोट लाइट बॉय तैनात किए गए हैं, जो पलक झपकते कहीं भी पहुंचने में सक्षम हैं और किसी भी अनहोनी से पहले व्यक्ति को सुरक्षित स्थान ले जाने में सक्षम हैं।

**एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर नजर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ को धरती का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन बनाने की तैयारी दिन रात चल रही है। इसके दृष्टिगत सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, पूर्वी जोन, प्रयागराज डॉ. राजीव नारायण मिश्र और कमांडेंट एसडीआरएफ सतीश कुमार संगम नोज और वीआईपी घाट पहुंचे। उन्होंने जवानों को सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर नजर रखी जाएगी। साथ ही पीएसी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम के जवानों को हर आधुनिक टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जवानों के लिए अत्याधुनिक लाइफ जैकेट, 04 नई फ्लोटिंग जेटी और बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ट्यूब मंगा लिए गए हैं, जिससे किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने में हमारे जवान सक्षम रहेंगे।

**वीआईपी मूवमेंट वाले किला घाट पर स्पेशल फोर्स की तैनाती**

वीआईपी मूवमेंट वाले किला घाट पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां पर स्पेशल फोर्स की तैनाती की जा रही है, जिससे देश विदेश से आने वाले एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। यही नहीं, सरस्वती घाट से लेकर संगम घाट तक कड़ी सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। यहां डीप बैरिकेडिंग की जा रही है। इसके अलावा घाट पर चारों तरफ जाल लगाने का काम अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है।

CMYK

# जनता के विश्वास पर खरा उतरे अधिकार: डीसी

## समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के प्रति और गंभीरता से करे कार्य

>> समाधान शिविर में 94 समस्याएं आई, उपायुक्त ने दिए समाधान के निर्देश



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** जनता समाधान शिविर को और कारगार बनाने को लेकर प्रशासन ने सख्ताई से कार्य करने का निर्णय ले लिया है। जिला सचिवालय सभागार में 10 से 12 बजे तक कार्य दिवस पर लगने वाले जनता समाधान शिविर में निश्चित अवधि के दौरान सभी अधिकारियों को हाजिर रहने के निर्देश दिए है। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर उन लोगों के लिए प्रकाश की किरण है जो समस्याओं को लेकर अनिश्चिताओं की स्थिति में रहे है। अब उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग से जुड़ी समस्या हो उसका समाधान तय सीमा में किया जाएगा अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि शिकायत कताओं की शिकायत से संबंधित आवेदन उनके पास दोबारा नहीं आने चाहिए। अधिकारियों को इसका विशेष ध्यान रखना है। जनता हम पर पूरा विश्वास करती है। उसके विश्वास को कायम रखना है। समाधान शिविर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगाये जा रहे है। अधिकारियों के पास जो भी समस्याएं पहुंच रही है उसे निजी कार्य समझ करके करें। शिकायतकर्ता जय नारायण वासी शिमला मौलाना ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनका जो मीटर विभाग द्वारा लगाया गया है उस में बिजली बिल अधिक आ रहा है। आवेदन कर्ता ने उपायुक्त से इसे दुरस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ब्राह्मद्दण माजरा ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि डी प्लान स्कीम के तहत पहले स्वीकृत राशि जिस गली के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई थी अब उस पर जो विवाद चल रहा था वह समाप्त हो गया है। उन्होंने उक्त राशि को लगाने का अनुरोध किया। शिकायतकर्ता दीक्षा जो एपीआईआईटी कालेज में।

# एसपी चौहान ने बच्चों व युवाओं के कॅरियर को बचाने के लिए सीएम नायब सैनी को स्कूल कॉलेजों में मोबाइल के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए लिखा पत्र

## इंटरनेट के भयावह परिणामों से बच्चों व युवाओं को बचाना सरकार व समाज दोनों का दायित्व

**करनाल बीटू संधू**

**हरियाणा।** में नशे के बढ़ते प्रकोप को मेंशन करने के बाद एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि स्कूल कॉलेजों मे पढ़ाई के समय में भी स्टूडेंटस का ध्यान मोबाइल फोन पर गढा रहता है जिसके कारण उनकी पढ़ाई तो बाधित हो रही है साथ ही उनका कॅरियर भी चौपट हो रहा है, स्टूडेंटस को जहां पढ़ाई करके पहुंचना है वे उस टॉरगेट को अचीव नहीं कर पाते और जीवन भर पछताते रहते हैं, ये स्टूडेंटस की नहीं बल्कि प्रदेश व देश की भी क्षति है क्योंकि स्टूडेंटस देश के भविष्य की निधि हैं ऐसे में उन्हें इस इंटरनेट के भयावह परिणामों से बचाना



सरकार व समाज दोनो का कर्तव्य है। इंटरनेट के अंधाधुंध प्रयोग के कारण आज हमें युवा स्टूडेंटस यहां तक कि स्कूली बच्चे समाज के दुश्मनों द्वारा तैयार किए गए अश्लील, नग्न और अतातायी प्रोग्रामो का शिकार होते जा रहे हैं, जिसके परिणाम बहुत घातक हैं। इसलिए स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबंध लगे , यही नहीं इस नियम को फॉलो ना करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इंटरनेट के माध्यम से जहां हमें दुनिया को जानने समझने का सुअवसर मिला है वहीं इसके विपरीत हमारे बच्चे इसके दुरुपयोग से सांस्कृतिक व चारित्रिक रूप से तबाह हुए हैं। गुगल की दुनिया में बेशुमार गंदे जाहिल प्रोग्राम भरे पड़े हैं, ये सब पैसा कमाने और टीआरपी बढ़ाने के लिए है, जिसके कारण।

# उपमंडल स्तर पर भी लगाए जा रहे समाधान शिविर, आम जनता अपने घर के नजदीक करवाएं अपनी समस्या का समाधान : उपायुक्त

## उपमंडल स्तर पर अगर कोई दिक्कत आती है तो जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में लेकर आएं अपनी समस्याएं : उपायुक्त।

>> समाधान शिविरों का आयोजन प्रत्येक कार्यदिवस में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक लगातार जारी : उपायुक्त।



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों का आयोजन लगातार जारी है। समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय पर सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में, नगर निगम कार्यालय तथा संबंधित एसडीएम के कार्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह का कहना है कि समाधान शिविर के माध्यम से आम जनता की परिवार पहचान पत्र से जुड़ी, जाति, रिहायशी व आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा, दिव्यांग पेंशन सहित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय तथा संबंधित एसडीएम के कार्यालय में किया जा रहा है। इसके अलावा प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याओं का नगर निगम तथा नगर पालिकाओं के कार्यालयों में मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने-अपने उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम के कार्यालय में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान करवाएं। इससे उनके समय और धन की बचत होगी। फिर भी अगर किसी व्यक्ति का वहां पर समाधान नहीं होता तो उसके उपरांत जिला मुख्यालय पर लगाए जा रहे समाधान शिविर में आ सकते हैं। इसी प्रकार से प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित नगर न?

# समाधान शिविर की शिकायतों का निपटारा




**करनाल बीटू संधू**

**हरियाणा।** सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीसी यश जालुका, एसडीएम अनुभव मेहता, डीएसपी मनोज, भाजपा नेता प्रवीण लाठर सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए। उपायुक्त ने बताया कि करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 3 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया और 2 शिकायतें अभी लंबित हैं। इसी प्रकार से इंद्री उपमंडल में 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान कर दिया गया है। घरौंडा उपमंडल में 8 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 7 शिकायतों का समाधान कर दिया गया और एक शिकायत लंबित है। उपमंडल नीलोखेड़ी व असंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व संबंधी शिकायतों का निपटारा उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज करनाल नगर निगम कार्यालय में 6 शिकायतें आई, जिनमें से 4 शिकायतों।

# अध्यक्ष चंद्रशेखर आज यहां जिला ए डी आर सैंटर पहुंच



**करनाल बीटू संधू**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर आज यहां जिला ए डी आर सैंटर पहुंचे। यहां उन्होंने मानसिक रूप से विकलांग व बच्चों के लिए नालसा की योजनाओं के बारे में ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ रिटायर्ड जज एस पी सिंह व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन भी उपस्थित थीं। यह ट्रेनिंग ग्रास रूट लेवल पर कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ताओं व पी एल वी के लिए आयोजित की गई थी। सीजेएम इरम हसन ने बताया कि एडीआर सेंटर में मानसिक रूप से विकलांग लोगों के लिए नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद तपन रिहैबिलिटेशन सेंटर की इंचार्ज सुजाता ने मानसिक रूप से विकलांग लोगों के अधिकारों बारे में जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता बलकार सिंह संधू ने मानसिक रूप से विकलांग लोगों के पात्रता संबंधी कानून के बारे में जानकारी दी। इसके बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सविता कुमारी ने पुलिस स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर मानसिक रूप से विकलांग लोगों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

# विधायक जगमोहन आनंद ने सुनी जन समस्याएं, बोले- अधिकारी जल्द से जल्द करें समस्याओं का समाधान



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** विधानसभा के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, उन्होंने बारी-बारी से सभी की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि उनके लिए जनसरोकार सर्वप्रथम है। करनाल की जनता ने उन्हें चुनकर विधानसभा भेजा है। उनकी शिकायतों, मांगों और समस्याओं को सुनना व उनका समाधान करना उनका पहला कर्तव्य है। विधायक ने कहा कि लोगों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं। करनाल की जनता की सेवा करना उनका दायित्व है। इस कार्य में वे निरंतर लगे रहेंगे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को : इरम हसन

**करनाल, बीटू संसंधू**

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में 14 दिसंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 दिसंबर 2024 को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं. 0184-2266138 व नालसा हेल्पलाइन नं. 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम : गजेंद्र फोगाट

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत 48 कोस तीर्थ पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन




**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** कला परिषद, रोहतक मंडल के अतिरिक्त निदेशक व मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 28 नवंबर से शुरू हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत 48 कोस तीर्थ पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस विमल सर तीर्थ सग्गा, आहन तीर्थ निगदू, दशरथ तीर्थ औगंद, मिश्रक तीर्थ निसिंग, दक्षेश्वर तीर्थ डाचर, गवेंदर तीर्थ गोंदर, जमदग्नि कुंड जलमाना, त्रिगुणानंद तीर्थ गुनियाना, वेदवती तीर्थ सीतामाई, ब्रह्म तीर्थ सावंत, आरोग्य तीर्थ बरास तथा दुंडीराज तीर्थ सौंकड़ा पर हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल और कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गगन एण्ड पार्टी, अभिषेक एंड पार्टी, भगतराम एंड पार्टी, सुनील एंड पार्टी, जयपाल एंड पार्टी, विशेष भंडेरी एंड पार्टी, पाले राम एंड पार्टी, रामचंद्र एंड पार्टी, गौरव एंड पार्टी व विशाल एंड पार्टी ने धार्मिक प्रस्तुतियां दी, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में 182 महाभारत कालीन तीर्थ हैं। महाभारत युद्ध के दौरान कुरुक्षेत्र में मोह ग्रस्त अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण जी ने पवित्र गीता का उपदेश दिया था, जो संपूर्ण मानव जाति के लिए भी था। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखने वाले स्थल और श्रीमद्भगवद्गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर वर्ष।

# इफको नैनो मॉडल ग्राम दयानगर में किया गया किसान सभा का आयोजन




**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** इफको द्वारा इफको नैनो मॉडल ग्राम दयानगर में नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के अन्तर्गत किसान सभा का आयोजन किया गया। इफको के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. निरंजन सिंह ने बताया कि इफको ने जिले में निगदु ग्राम को नैनो मॉडल ग्राम कलस्टर बनाया है जिसमें पांच गांव निगदू, करसाडोड, कोयर, दयानगर व माजरा रोडान आते हैं। इन गांवों में इफको नैनो उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व सागरिका के साथ ड्रोन स्प्रे के कुल खर्च पर इफको द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन गांवों के किसान इफको किसान बाजार निगदू में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर यहां से अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने यूरिया प्लस व नैनो डीएपी के महत्व के बारे में किसानों से विस्तार से चर्चा की। डॉ. निरंजन सिंह ने नैनो यूरिया प्लस के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि नैनो यूरिया प्लस यूरिया का विकल्प है व इसका प्रयोग एक महीने में फसल पर 500 मिली बोतल को 125 लीटर पानी में एक एकड़ में स्प्रे किया जायेगा, इसलिए इसकी प्रयोग क्षमता परम्परागत यूरिया से अधिक है। पौधे पत्तों व तने के माध्यम से इसको अवशोषित कर लेते हैं। यूरिया की तरह नैनो यूरिया भूमिगत जल, जमीन व वातावरण को प्रदूषित नहीं करता। उन्होंने बताया की नैनो डीएपी भी परंपरागत डीएपी का विकल्प है व यह भी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में कारगर है। यह परंपरागत डीएपी से सस्ता है। नैनो डीएपी 500 मिली एक एकड़ में प्रयोग होता है, जो 250 मिली मात्रा बीज 5 मिली प्रति किलो बीज या कंद, पनीरी, पौध 5 मिली प्रति लीटर पानी में इस्तेमाल होगा व बचा 250 मिली 100 लीटर पानी में मिलाकर 30-35 दिन की फसल पर स्प्रे करना है। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के छिड।

# पीएम आवास योजना शहरी के तहत आवेदन रद्द होने के कारण से संतुष्ट नहीं है तो ऐसे व्यक्ति 9 दिसंबर 2024 तक नगर पालिका कार्यालय इंद्री में दस्तावेजों सहित आपत्ति/प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

**इंद्री/करनाल, बीटू संधू**

**करनाल।** नगर पालिका सचिव धर्मबीर सिंह ने बताया कि जिन व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में आवेदन किया था। आवेदक आवेदन रद्द होने के कारण से संतुष्ट नहीं है तो ऐसे व्यक्ति 9 दिसंबर 2024 तक नगर पालिका कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति/प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन प्रार्थियों का प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत इंद्री शहर की सूची में नाम आया हुआ था, लेकिन अभी तक योजना का लाभ नहीं मिला है। कार्यालय नगर पालिका द्वारा ऐसे 180 आवेदन रद्द करने बारे सूची कारण सहित नगरपालिका कार्यालय में लगाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि नगर पालिका कार्यालय में लगी सूची में किसी व्यक्ति का नाम है और आवेदन रद्द होने के कारण से संतुष्ट नहीं है तो ऐसे व्यक्ति 9 दिसंबर 2024 तक नगर पालिका कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति/प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि ऐसे व्यक्ति अपनी आपत्ति/प्रार्थना पत्र 9 दिसंबर 2024 तक नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करते है, तो आपका आवेदन रद्द करने बारे निदेशालय को लिख दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में गिरे मकान का निर्माण करने में आ रही बाधा

**कोंच।** कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया बुजुर्ग निवासी सगे भाई पप्पू, दयाशंकर, किशना पुत्रगण जगदीश ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत महिनों पूर्व आयी बाढ़ में उनका घर गिर गया था। अब वह अपने घर का नए सिरे से निर्माण कार्य कर रहे हैं तो पड़ोसी लोग उसे घर का निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं। वह परिजनों के साथ खुले मैदान में रहने पर मजबूर है। उक्त लोग गाली गलौज कर लडाई झगड़ा करने पर आमादा हैं और शिकायत करने पर मारने की धमकी दे रहे हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोंच।** कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया।जानकारी के अनुसार कोतवाली के मुहल्ला नया पटेल नगर निवासी मो.जावेद पुत्र निसार खां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 1 दिसंबर की शाम वह मौजा सिकरी स्थित अपने खेत से बाइक पर सवार होकर वापस घर की लौट रहा था।तभी पंचानन के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार थार कार के अज्ञात चालक ने लापरवाही बरतते हुए उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते वह बाइक सहित सड़क पर गिरा गया। सड़क पर गिरने से उसकी नाक में गहरी चोट आयी है। टक्कर मारकर कार सहित चालक मौके से भाग गया। मामले को लेकर घायल जावेद ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में डायलिसिस मशीन लगाये जाने की मांग

**जालौन-उरई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में डायलिसिस मशीन लगाई जाने की मांग ग्रामीण ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर की है। कुठौदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजते हुए लिखा कि नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 500 से लेकर 800 तक मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। ग्रामीण अंचल मेंमाधवगढ़, बंगरा, रामपुरा कुठौद, रेडर, नावली, शंकरपुर आदि दूर-दराज गांव के लोग भी इलाज कराने के लिए प्रतिदिन सीएचसी आते हैं। सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा न होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है। क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता पड़ती है। उन्हें डायलिसिस के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसमें उनका हजारों रुपये आने जाने में ही खर्च हो जाता है। ऐसे में डायलिसिस कराने में ही परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है। यदि सीएचसी में डायलिसिस की सुविधा शुरू करा दी जाती है तो मरीजों को निश्चित तौर पर इसका लाभ मिलेगा। इसलिए मरीजों की परेशानी को देखते हुए सीएचसी में डायलिसिस मशीन लगवाकर डायलिसिस की सुविधा शुरू कराई जाए ताकि पूरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर उचित दर दुकान हेतु गांव के निवासी का चयन कराने की मांग की

**जालौन-उरई।** गांव में उचित दर की दुकान का चयन होना है। जिसमें गांव के ही व्यक्ति के नाम दुकान का चयन किया जाना है। लेकिन दूसरे गांव के व्यक्ति ने गांव का वोट बनवा लिया है। ऐसे में गांव के लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गांव के निवासी का चयन कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुड़ार निवासी भूपेंद्र, विपिन, छोटेलाल, छत्रपाल सिंह, दीपक नगाइच, रामवीर, विषय कुमार, रणजीत, रामस्वरूप, गंभीर, करन सिंह, चंद्रशेखर, राजू सिंह, ममता देवी, मीरा देवी, राधा आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि उनके गांव में उचित दर की दुकान नहीं है। गांव के लोगों को राशन लेने के लिए पड़ोसी गांव सालाबाद में जाना पड़ता है। ग्रामीणों को हो रही समस्या को देखते हुए गांव में ही उचित दर की दुकान खोली जा रही है। जिसमें गांव के ही निवासी व्यक्ति का चयन किया जाना है। आरोप लगाया कि सालाबाद निवासी एक व्यक्ति ने जो सुढ़ार गांव में रहता भी नहीं है। उसने सुढ़ार गांव का परिचय पत्र व अन्य कागजात बनवा लिए हैं। जबकि उनका गांव में न तो कोई पैतृक मकान है और न ही वह सुढ़ार गांव में रहता है। गांव के कागजात बनवाकर वह सांठगांठ करके उचित दर की दुकान अपने नाम कराना चाहता है। इसके लिए उसने कागजात भी जमा करा दिए हैं। यदि उपरोक्त व्यक्ति का चयन उचित दर की दुकान के लिए होता है तो वह गांव के लोगों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि उपरोक्त व्यक्ति के कागजातों की जांच कराई जाए और यह भी देखा जाए कि वह व्यक्ति गांव में रहता भी है अथवा नहीं। जांच कराकर उसके कागजातों को निरस्त किया जाए और गांव के लोगों को उचित दर की दुकान के चयन में सहभागिता करने दी जाए।

# बिहार के नीतीश कैबिनेट में 33 एजेंडों पर मुहर लगी

## विशेष सर्वेक्षण बंदोबस्त नियमावली को मंजूरी।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बिहार।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई. पटना स्थित मुख्य सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 33 प्रस्ताव पारित हुए. बिहार विशेष सर्वेक्षण बंदोबस्त नियमावली को जहां मंजूरी मिली, वहीं मंत्री आवास परिसर गर्दनीबाग पटना के निर्माण के लिए 78 करोड़ 28 लाख 59300 को स्वीकृति दी गई है. उधर, अरवल मंडल कारा के निर्माण के लिए 38 करोड़ 31 लाख 21 हजार रुपये की राशि को स्वीकृति दी गई है। राज्य कैबिनेट से सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा झील और उसके पास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख 79 हजार 300 रुपये की स्वीकृति मिली है. वहीं, कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के विकास के लिए 49 करोड़ 73 लाख 33 हजार 440 रुपये की राशि को मंजूरी मिली है.सुपर पटना के कंकड़बाग में शंकर आई फाऊंडेशन इंडिया अति विशिष्ट नेट अस्पताल का निर्माण करेगा. कैबिनेट में बिहार राज्य आवास बोर्ड के 1.60 एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरण किया गया. इसके लिए 48 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है. 99 वर्ष के लीज पर यह जमीन शंकर आई फाऊंडेशन इंडिया कोयंबटूर को देने का फैसला लिया गया है.वित्तीय वर्ष 2024 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पर नियोजित कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए केंद्रांश मद में प्राप्त कम राशि 139 करोड़ रुपये की राज्य संसाधन द्वारा पूर्ति किये जाने की स्वीकृति मिली है. स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 5635 ग्राम पंचायत में ठोस एवं सरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के सफलतापूर्वक परिचालन के लिए 1 साल के लिए राज्य योजना से 354.8 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है. स्वास्थ्य विभाग बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली 2019 को निरस्त करते हुए बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली 2024 को स्वीकृति दी गई है. राज्य के सभी राजकीय आयुर्वेदिक होम्योपैथिक यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के रोगियों के उपचार के दौरान शुद्ध एवं पोषक भोजन की व्यवस्था के लिए दीदी की रसोई की स्वीकृति मिली।

### भाजपा के कई प्रदेश महामंत्रियों की होगी छुट्टी

# बिहार प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का बड़ा ऐलान

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बिहार।** बिहार भाजपा के लिए 2025 विधानसभा चुनाव चुनौती है. वहीं चुनौतियों से निपटने के लिए पार्टी ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है. बूथ स्तर से लेकर जिला अध्यक्ष स्तर तक के पदाधिकारी का चुनाव कराया जा रहा है. दिसंबर महीने के अंत तक तमाम पदाधिकारी चुन लिए जाएंगे. तमाम जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के चयन पर मुहर लगाएंगे. साल के अंत तक संगठनात्मक चुनाव संपन्न कर लिए जाएंगे. प्रदेश कमेटी को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने तैयारी कर ली है. भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं. दिलीप जायसवाल ने प्रदेश कमेटी के गठन के संकेत दिए हैं. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश कमेटी का गठन मकर संक्रांति के ठीक बाद हो जाएगा. दही चूड़ा खाने के बाद बिहार में नई प्रदेश कमेटी आपको देखने को मिलेगी. वर्तमान समय में भाजपा के चार प्रदेश महामंत्रियों पर तलवार लटकी हुई है. तीन प्रदेश महामंत्री को अलग जिम्मेदारी दी जा चुकी है. राजेश वर्मा, जगन्नाथ ठाकुर और ललन मंडल को 20 सूत्री में अकोमोडेट किया गया है. ललन मंडल को 20 सूत्री में उपाध्यक्ष बनाया गया है. इसके अलावा जगन्नाथ ठाकुर और राजेश वर्मा बीस सूत्री में सदस्य बनाए जा चुके हैं. पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला प्रजापति को बाल संरक्षण आयोग में जगह मिली है, तो दो महामंत्री लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं. दोनों चुनाव हार भी गए हैं. मिथिलेश तिवारी और शिवेश राम प्रदेश महामंत्री हैं. मिथिलेश तिवारी बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़े थे, जबकि शिवेश राम सासाराम से उम्मीदवार थे. संभव है कि जिन्हें चुनावी राजनीति में पार्टी ने उतारा है, उन्हें संगठन की जिम्मेदारी से अलग किया जा सकता है।

### मो.जुनैद शम्स बनाए गए

## जेडीयू का बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रधान महासचिव



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** बिहार प्रदेश जदयू के द्वारा बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रधान महासचिव बेतिया निवासी मो.जुनैद शम्स कों बनाया गया है। पूर्व में वों लगातार अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प.चम्पारण के रूप में कार्य कर रहें दें। छात्र राजनीति से अपनी राजनैतिक सफर शुरू करने वाले श्री शम्स पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य किया है। अपनें मनोनयन पर उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा,बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशरफ अंसारी ,का शुक्रिया अदा किया हैं। उनके मनोनयन पर ज़िला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ एन एन शाही,असलम खां, शम्भू पाण्डेय, नंद किशोर चौधरी एवं कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# जिलाधिकारी ने आश्रय गृह (शेल्टर हाउस) का औचक निरीक्षण किया

## अव्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

■ उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम आश्रय गृह (शेल्टर हाउस) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेल्टर हाउस की अव्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले शेल्टर हाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का हाल देखा और पाया कि कई कैमरे संचालक द्वारा बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सीसीटीवी कैमरों का संचालन शुरू कराया, और संचालक विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रवासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरों का निरंतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मैन गेट पर दो और सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने शेल्टर हाउस में आने वाले प्रवासियों की पहचान के लिए आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रवासियों का रजिस्टर में समय और तारीख के साथ विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया प्रवासियों की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शेल्टर हाउस में प्रकाश व्यवस्था की भी कमी पाई। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि अगले दो दिनों के भीतर शेल्टर हाउस में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। शेल्टर हाउस में एक छोटा गैस सिलेंडर पाया गया, जिसे तुरंत परिसर से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि शेल्टर हाउस में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए, और इसके लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके अलावा, शेल्टर हाउस में लगे फायर एक्सटिंग्विशर की डेट समाप्त हो चुकी थी। जिलाधिकारी ने इस मामले में भी तत्काल फायर सिस्टम के रिफिल बदलने के निर्देश दिए। शेल्टर हाउस के संचालक की अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि संचालक को नोटिस जारी किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सदर उप जिलाधिकारी, थानाध्यक्ष, दो महिला कांस्टेबल और अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि वे शेल्टर हाउस में निरंतर निरीक्षण करें ताकि कोई भी अव्यवस्था सामने न आए।

उन्होंने कहा कि शेल्टर हाउस की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

इस अवसर पर तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान से भारत के कोने कोने से 50 लोग हुए सम्मानित

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)




**राजगीर।** मगध भूमि की गौरव गाथा को पुनर्जीवित करने के लिए धार्मिक नगरी राजगीर में प्रथम बार अंतरराष्ट्रीय मगध गौरव सम्मान से देशभर के विशिष्ट कार्य करने वाले 50 महानुभावों को नवाजा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नालंदा खुला विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मगध अपने आप में संपूर्ण भारत को समाहित किए हुए है। इसके इतिहास के साथ जैव विविधा भी अमूल्य रही है। जहां इंसान के साथ संपूर्ण जीव जंतु पुष्पित और पल्लवित हुए हैं। लेकिन विकास की दौड़ में इनका भारी नुकसान हुआ। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता और युवा पीढ़ी में कुछ नया करने का जोश पैदा होगा जो राष्ट्र निर्माण सहायक होगा। डॉ.डी.आर.रेवाला (सहायक आयुक्त सीजीएसटी, सीमा शुल्क एवं सेवा कर, भारत सरकार) ने इस मौके पर कहा कि मगध ज्ञान और कर्म की भूमि रही जहां बुद्ध,महावीर,गुरु नानक,मखदूम साह जैसे संत और मार्गदर्शक हुए हैं। आज जरूरत है इनके दिखाए गए रास्ते का अनुसरण कर मगध की गौरव गाथा को दुनियां के सामने पुनः उजागर किया और ये ऐसे हीं कार्यक्रमों के माध्यम से संभव है। आयोजक समिति के प्रमुख रहे मानद कुलपति प्रमुख धराधाम अंतर्राष्ट्रीय के डॉ सौरव पाण्डेय ने कहा कि मगध कभी भारतवर्ष की पहचान रही है यह केवल इतिहास के पन्नों तक सिमट कर न रह जाए इसलिए हम सभी संस्थाओं ने मिलकर पुनरोत्थान की दिशा में ये सम्मान समारोह के रूप में सार्थक पहल की है।

### एसडीएम व सीओ ने किया नदीगांव सहकारी समिति का निरीक्षण

**कोंच।** उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने नदीगांव में सहकारी समिति का निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्देश दिए। नदीगांव में खाद केंद्र पर किसानों ने खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे जिस पर एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अर्चना सिंह, नायव तहसीलदार जितेन्द्र पटेल ने केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिया कि सभी को क्रम से खाद बांटी जाएगी। एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को जरूरी निर्देश दिए और अभिलेख देखे। उन्होंने सभी किसानों की सूची बनवाकर टोकन जारी कराये। एसडीएम ने बताया कि किसानों की शिकायत पर केंद्र का निरीक्षण किया गया है फिलहाल सब कुछ ठीक ठाक मिला है। खाद वितरण के लिए कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी किसानों को केंद्र पर खाद आते ही टोकन प्रक्रिया से खाद वितरण की जाएगी।

### परिवार परामर्श टीम ने 07 परिवारों को बिखरने से बचाया

**उरई।** परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 07 परिवारों के समझौते करा कर बिखरने से बचाया गया । महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं की गयी । जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

■ कोंच



नगर के मुहल्ला मालवीय नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन कथावाचक आचार्य रामानंद महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रोताओं को संगीतमय कथा का रसपान कराते हुए भागवत महापुराण की महिमा बताई।

श्रीमद्भागवत की भव्य कलश यात्रा दोपहर गढ़ी स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई जो बजरिया पावरहाउस से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची जहां श्रीगणेश का पूजन कर कथा आरंभ की गई। कलश यात्रा में सबसे आगे परीक्षित मीरा देवी-रमेश प्रसाद पचौरी सिर पर भागवत पुराण रखकर चल रहे थे, पीछे पीछे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व युवतियां कलश सिर पर रखकर चल रहीं थीं। बच्चे ध्वज पताकाएं फहराते हुए बैंड बाजों पर बज रहे संगीत पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। श्रीमद्भागवत कथा 8 दिसंबर तक प्रतिदिन अपरान्ह 2 बजे से प्रारंभ होगी। 9 दिसंबर को भंडारा होगा। इस दौरान सुरेशचंद्र, नीलमणि, सुनील, शिवम, ममता, सौम्या, रोशनी, अभिषेक दुवे, दीपिका, मनीष, शिवानी, कान्हा, ध्रुव, माही, गौरी, वानी, अनी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# व्यापारी के साथ मारपीट पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ कोंच

व्यापारी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासी राहुल तिवारी पुत्र सुरेशचंद्र ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 29 नवंबर की रात वह आशीर्वाद होटल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहाँ पर मौजूद सगे भाई अशोक गुर्जर और देवेंद्र गुर्जर निवासी गांधीनगर ने उससे शराब पीने के लिए रुपये की मांग की। उसने रुपये देने से इंकार किया तो दोनों भाइयों ने गाली गलौज कर जमीन पर गिरा कर उसे बुरी तरह मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसी दौरान उसके गले में पड़ी सोने की क़ीमती चेन कहीं गुम हो गयी। मौके पर कुछ लोगों के आ जाने पर दोनों भाई जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं घायलावस्था में उसे पहले सीएचसी और फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ से चिकित्सकों ने उसे झाँसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ धारा 115(2), 308(2), 351(2), 352 में मामला दर्ज कर लिया है।

# 8 से 16 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

## एसडीएम ने बैठक कर दिए निर्देश

■ कोंच



पल्स पोलियो महा अभियान 8 से 16 दिसंबर के बीच चलाया जाएगा। एसडीएम ने बैठक कर अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आपूर्ति, आंगनबाड़ी, नगर पालिका, ब्लॉक कार्यालय आदि विभागों के साथ बैठक करते हुए कहा कि आगामी 8 दिसंबर को प्रत्येक बूथ पर जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक डोर टू डोर और आखिरी दिन 16 दिसंबर को छूटे हुए सभी बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। कोंच सीएचसी के अंतर्गत 31, नदीगाँव सीएचसी क्षेत्र में 164 और पिंडारी पीएचसी क्षेत्र में 130 बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान के प्रचार प्रसार हेतु 5 दिसंबर से ही गांवों में मुनादी करायी जायेगी और नगर में पालिका के वाहन से एनाउंसमेंट कराया जाएगा। अभियान में लापरवाही जरा भी न बरतें अन्यथा सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ अनिल कुमार शाक्य, पालिका इंस्पेक्टर हरीशंकर निरंजन, एडीओ पंचायत नरेशचंद्र दुबे, एबीएसए कोंच रंगनाथ चौधरी आदि मौजूद रहे।

मूसलाधार बारिश से पुडुचेरी में 24 घंटे में 49 सेमी बारिश हुई

# फेंगल तूफान: मुख्यमंत्री स्टालिन ने केंद्र से माँगी 2 हजार करोड़ की मदद

एजेंसी, नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठे फेंगल तूफान के असर के चलते तमिलनाडु में 12 मौतें हुईं। यह बात मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे लेटर में बताई। उन्होंने लिखा- हमारी पूरी कोशिश के बावजूद सब कुछ तहस-नहस हो गया। दरअसल, फेंगल तूफान 30 नवंबर शाम 7:30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था। कमजोर होने के बाद तूफान 2 दिसंबर को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पहुंचा। इन राज्यों में भी लगातार तेज बारिश हो रही है।



**बारिश का 20 साल पुराना रिकॉर्ड**

तूफान फेंगल 1 दिसंबर को तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया था, लेकिन इसके असर से हुई मूसलाधार बारिश से पुड्डुचेरी में 24 घंटे में 49 सेमी बारिश हुई। यह 20 साल की सबसे अधिक बारिश है। शहरी इलाकों में पानी भरने से सेना को भी बुलाया गया। सेना ने 200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। एक हजार लोगों को राहत शिविरों में भी पहुंचाया गया है

## तिरुवन्नामलाई में लैंडस्लाइड, 5 मौतें, 2 लापता

तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी जिससे 2 घर जमींदोज हो गए। मलबे में दबने से 5 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग अब भी लापता हैं।

## केरल समेत कई राज्यों में बारिश को लेकर चेतावनी

चक्रवात फेंगल को लेकर संभावित नुकसान वाले जगह पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को चक्रवात फेंगल के कारण केरल में महत्वपूर्ण बारिश की चेतावनी जारी की, जो वर्तमान में उत्तरी आंतरिक तमिलनाडु पर कम दबाव के क्षेत्र में कमजोर हो गया है और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक फैल गया है। बता दें कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी राज्य का दौरा किया और कहा कि चक्रवात फेंगल ने राज्य में अभूतपूर्व तबाही मचाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एनडीआरएफ से तुरंत 2,000 करोड़ रुपये की अंतरिम राहत जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस राशि से प्रशासन को क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने में मदद मिलेगी।



### बारिश के कारण 4 जिलों में स्कूल, कॉलेज बंद रहेंगे

चक्रवात फेंगल से भारी वर्षा के कारण मंगलवार को तमिलनाडु के चार जिलों में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट लक्ष्मी भव्या ने मंगलवार को घोषणा की, भारी बारिश को देखते हुए नीलगिरी जिले के सभी स्कूल 3 दिसंबर, 2024 को बंद रहेंगे। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण और अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके चलते विल्लुपुरम, कुड्डालोर और पुडुचेरी जिलों में स्कूल और कॉलेज भी मंगलवार को बंद रहेंगे। अन्य जिलों जैसे रानीपेट, सेलम और तिरुवन्नामलाई में केवल स्कूल बंद रहेंगे। कल्लाकुरिची में, थिरुकोविलूर टाउन के अंतर्गत स्कूल, और कृष्णागिरि में, पोचमपल्ली, उथंगराई तालुक के अंतर्गत स्कूल भी बारिश के कारण बंद रहेंगे। इससे पहले सोमवार को तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने राज्य के धर्मपुरी जिले के चक्रवात फेंगल प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने जिले के वथल्मलाई के तलहटी में भूमि पुल के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया।

## मुंह काला होने के बाद आतिशी ने क्या किया

केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को बस मार्शल नियुक्त कर दिया था। बाद में हटा दिया गया।



इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से

आम आदमी पार्टी में भगदड़ मच गई है। क्योंकि, केजरीवाल का मुंह काला होने का सच सामने आ गया है। खुद आतिशी मार्लेना खुद तो झूठी साबित हुई ही, भगवंत मान, सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज भी झूठे साबित हो गए। इन सभी ने केजरीवाल का मुंह काला करने वाले अशोक झा को भाजपा का सदस्य कहा था। सौरभ भारद्वाज ने तो केजरीवाल को जिंदा जलाने वाली थ्योरी ही पेल दी थी। पर जैसे ही पता चला कि वह तो आम आदमी पार्टी का ही आदमी है और महिलाओं की सुरक्षा से हटाया गया मार्शल है तो आम आदमी पार्टी में खलबली मच गई। आतिशी मार्लेना ने तुरंत उप राज्यपाल को चिट्ठी लिखी कि बस मार्शलों की नियुक्ति को मंजूरी दी जाए। पर आम आदमी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि पिछले साल से हटाए गए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को फिर से नियुक्त करने के लिए यह नाटक रचा गया था। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को बस मार्शल नियुक्त कर दिया था। उन्हें पुलिस जैसी वर्दी पहना दी गई थी, उनमें से कुछ राह चलते लोगों से वसूली का धंधा कर रहे थे। कुछ बसों में अपनी ड्यूटी पर जाने की बजाए आम आदमी पार्टी के दफ्तर में काम करते थे। प्रशासन ने इन सभी नियुक्तियों को अवैध ठहराते हुए पहले उनका वेतन रोका, बाद में 31 अक्टूबर 2023 में नौकरी से हटा दिया। वे सभी पिछले एक साल से धरने पर हैं और चुनावों में आम आदमी पार्टी की कब्र खोदने को तैयार बैठे हैं। इस बात का एहसास आम आदमी पार्टी को है, इसलिए 13 नवंबर को आतिशी ने पहले ही उप राज्यपाल को बस मार्शलों को नियुक्त करने की चिट्ठी लिखी थी। केजरीवाल का मुंह काला होने के बाद इतवार को ताजा चिट्ठी में आतिशी मार्लेना ने यह भी लिखा है कि इन 10 हजारों लोगों को नौकरी से हटा कर आपने इन की रोजी रोटी छीन ली। उनके इस वाक्य से यह साबित हो गया कि केजरीवाल ने अपने इन बेरोजगार कार्यकर्ताओं को सरकारी खजाने से पैसा देने के लिए महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर रोजगार सृजित किया था। डीटीसी बसों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के नाम पर हर महीने करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। इस घोटाले की शुरुआत निर्भया दुष्कर्म और हत्याकांड के बाद शुरू हुई। केजरीवाल ने 16 दिसंबर 2012 की डीटीसी बस में हुई दुष्कर्म और हत्या की वीभत्स घटना को भी मुख्यमंत्री बनने के बाद भ्रष्टाचार के लिए इस्तेमाल किया। इस घटना के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई आदेश दिए थे। उसी को आधार बना कर केजरीवाल ने अपने 10 हजार से ज्यादा वर्करों को 2015 में मार्शल के तौर पर नियुक्त कर दिया था, जबकि उच्च न्यायालय ने पैनिक बटन और सीसीटीवी जैसे कदम उठाने का आदेश दिया था। मार्शल नियुक्त करने के बाद केजरीवालने 2018 में डीटीसी बसों में पैनिक बटन लगवाने भी शुरू कर दिए। उस का बहुत-बहुत प्रचार किया गया था। मार्च 2019 तक सारी बसों में पैनिक बटन लगाने का दावा भी किया गया। जुलाई 2023 में खुलासा हुआ कि यह पूरी तरह झूठ था क्योंकि पैनिक बटन तो लगाए गए, लेकिन उनका पुलिस कंट्रोल रूम से कुनेकशन ही नहीं किया गया था। एसीबी ने इसी साल मार्च में अपनी जांच में खुलासा किया था कि कोई पैनिक बटन काम नहीं कर रहा। इसके पैनिक बटन और सीसीटीवी जैसे उपकरणों की मेंटेनन्स के नाम पर प्रति बस 3000 रुपए महीना खर्च किया जा रहा था। यह सब फर्जीवाड़ा था, क्योंकि न तो बसों के पैनिक बटनों का पुलिस कंट्रोल रूम से कुनेकशन है, न सीसीटीवी काम कर रहे हैं। इस तरह महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर पिछले नौ साल से हर महीने करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। अधिकारियों ने इस बड़ी गड़बड़ी को अगस्त 2023 में पकड़ा तो मार्शलों को हटा दिया गया था। लेकिन, वही मार्शल अब चुनावों के मौके पर केजरीवाल के रास्ते का कांटा बन गए है। चुनावों के समय केजरीवाल के सामने नई मुसीबत शराब घोटाले में ट्रायल शुरू होना भी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की आपत्ति को खारिज कर दिया कि जब यह घोटाला हुआ, तब वह मुख्यमंत्री थे, इसलिए ट्रायल की अनुमति लिया जाना जरूरी है। हालांकि, केजरीवाल पहले ही उच्च न्यायालय जा चुके हैं, जहां 21 दिसंबर को सुनवाई होगी। अब अपनी ट्रायल रुकवाने के लिए सिसोदिया भी उच्च न्यायालय चले गए है, उच्च न्यायालय ने उन्हें भी 20 दिसंबर का समय दिया है। केजरीवाल और सिसोदिया को डर है कि जनवरी में ट्रायल कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई और शराब घोटाले के गवाहों ने पेश हो कर सबूत देने शुरू किए तो फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का राम नाम सत्य हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन के लिए तैयार आईएनएस विक्रांत



**कोच्चि।** दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास ने सोमवार को कहा कि भारत के स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन स्थिति हासिल कर ली है। इसके पहले आईएनएस ने इस साल अपनी अंतिम परिचालन मंजूरी हासिल की थी। कोच्चि में नौसेना के जहाज आईएनएस शार्दुल पर मीडिया से बातचीत में श्रीनिवास ने कहा कि विभिन्न परीक्षणों के पूरा होने और जहाज के बेड़े के एकीकरण के साथ आईएनएस विक्रांत अब पूरी तरह से चालू हो चुका है।

### मंगोलपुरी में एक युवक की गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली।** आउटर दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को रात में इस मर्डर की सूचना मिली। जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम पंकज है, जो मंगोलपुरी में ही रहता था। आरोपियों से उसका पुराना विवाद था। मृतक के एक भतीजे ने 'पीटीआई-वीडियोज' को बताया कि पंकज का मंगोलपुरी के 'के ब्लॉक' के तीन लोगों के साथ झगड़ा हुआ था।

### यूक्रेन को नए एयर डिफेंस सिस्टम देगा जर्मनी



**कीव।** बिना घोषणा के यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने 2025 में यूक्रेनी सेना को नए एयर डिफेंस सिस्टम देने की घोषणा की है। युद्ध के दौरान शुल्ज का यूक्रेन का यह दूसरा दौरा था। शुल्ज के साथ संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने खास स्थानों की सुरक्षा के लिए यूक्रेनी सेना को दो दर्जन नए एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत बताई थी।

पीएसएलवीसी-59 में लॉन्च के चार चरण होंगे

## 4 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से प्रोबा 3 मिशन लॉन्च करेगा इसरो



एजेंसी, श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की है कि पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन उपग्रहों के प्रत्याशित प्रक्षेपण के लिए प्रक्षेपण 4 दिसंबर (बुधवार) को शाम 4:06 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इस मिशन में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी59 लगभग 550 किलोग्राम वजन वाले उपग्रहों को अत्यधिक दीर्घवृत्ताकार कक्षा में ले जाएगा। प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा एक इन-ऑर्बिट डेमोस्ट्रेशन (आईओडी) मिशन है। इसरो ने 'एक्स पर कहा, विश्वसनीय पीएसएलवी, पीएसएलवी-सी59/पीआरओबीए-3 के साथ चमकने के लिए तैयार है। यह ईएसए के सहयोग से इसरो द्वारा सक्षम न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का एक मिशन है। यह मिशन इएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों (लगभग 550 किलो) को एक अद्वितीय अत्यधिक अंडाकार कक्षा में स्थापित करेगा, जो जटिल कक्षीय डिलीवरी के लिए पीएसएलवी की विश्वसनीयता को मजबूत करेगा। इसरो ने प्रक्षेपण के बारे में एक बयान में कहा, मिशन का लक्ष्य सटीक संरचना उड़ान का प्रदर्शन करना है। मिशन में दो अंतरिक्ष यान शामिल हैं, अर्थात कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट (सीएससी) और ऑकुल्टर स्पेसक्राफ्ट (ओएससी) जिन्हें एक साथ स्टैक्ड कॉन्फ़िगरेशन (एक के ऊपर एक) में लॉन्च किया जाएगा। पीएसएलवी एक प्रक्षेपण यान है जो उपग्रहों और अन्य विभिन्न पेलोड को अंतरिक्ष में ले जाने में मदद करता है, या इसरो की आवश्यकताओं के अनुसार। यह प्रक्षेपण यान भारत का पहला ऐसा वाहन है जो लिक्विड स्टेज से लैस है। पहला पीएसएलवी अक्टूबर 1994 में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसरो के अनुसार, पीएसएलवीसी-59 में लॉन्च के चार चरण होंगे। लॉन्च वाहन द्वारा उठाया जाने वाला कुल द्रव्यमान लगभग 320 टन है। इसरो ने यहा भी बताया कि किस प्रकार यह प्रक्षेपण मिशन पीएसएलवी की विश्वसनीय सटीकता और अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग का उदाहरण है। पोस्ट में कहा गया है कि यह मिशन पीएसएलवी की विश्वसनीय सटीकता और एनएसआईएल (न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड), इसरो और ईएसए के सहयोग का उदाहरण है। पीएसएलवी का अंतिम प्रक्षेपण पीएसएलवी-सी58 था, जिसने एक्सपोसैट उपग्रह को 1 जनवरी, 2024 को पूर्व की ओर कम झुकाव वाली कक्षा में प्रक्षेपित किया।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की बढ़ीं मुश्किलें

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने अश्लील फिल्मों के कथित अवैध वितरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कारोबारी राज कुंद्रा को 4 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पहले कुंद्रा को सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी, जिसके बाद अब उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच में यह मामला शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ चल रही है। जांच का संबंध मई 2022 में दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले से है, जिसमें कुंद्रा और अन्य के खिलाफ मुंबई पुलिस की दो प्राथमिकी और आरोप पत्र आधारित कार्रवाई की जा रही है। ईडी ने 29 दिसंबर को मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर सहित विभिन्न शहरों में कुंद्रा और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी की थी। कुंद्रा के अलावा उत्तर प्रदेश के एक अन्य व्यवसायी को भी 4 दिसंबर को तलब किया गया है, जबकि अभिनेत्री गहना वशिष्ठ को 9 दिसंबर को गवाही देने के लिए कहा गया है। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी पर पहले भी आरोप लग चुके हैं कि उन्होंने अवैध रूप से पोर्नोग्राफी सामग्री का निर्माण और वितरण किया था। हालांकि, कुंद्रा ने पिछले हफ्ते दावा किया था कि वह इस जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं और उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। इसके अलावा इस साल की शुरुआत में ईडी ने कुंद्रा और शेट्टी की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की थी, लेकिन बंबई हाई कोर्ट ने इस आदेश के खिलाफ राहत दी थी। ईडी और मुंबई पुलिस की जांच अब यह स्पष्ट करने की कोशिश कर रही है कि कुंद्रा और उनके सहयोगियों ने पोर्नोग्राफी सामग्री के निर्माण और वितरण के लिए कौन सी अवैध गतिविधियां की थीं और क्या इनसे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं को उजागर किया जा सकता है।

भागीदारों के साथ सहयोग की आवश्यकता होगी

## आर्थिक फैसलों में 'राष्ट्रीय सुरक्षा की शर्त' जरूरी : एस जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि 'राष्ट्रीय सुरक्षा की शर्त' पर विचार करना काफी जरूरी है। सोमवार को उन्होंने चीन द्वारा अपनाई जा रही आक्रामक व्यापार प्रथाओं को लेकर बयान दिया, जिसे एक बढ़ती वैश्विक चिंता बताया जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि निवेश समेत आर्थिक निर्णयों के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा की शर्त को भी ध्यान में रखने की आवश्यकता है। यह पसंद हो या नहीं, हम तेजी से शस्त्रीकरण के युग में नहीं बल्कि सुविज्ञ निर्णयों का लाभ उठाने के युग में हैं। इसलिए, नीति निर्माताओं को निवेश सहित आर्थिक निर्णयों के मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखना होगा। जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रवृत्ति दुनिया भर में है और यदि हम इसे नजरअंदाज करेंगे तो यह हमारे लिए ही खतरा होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि व्यापार में सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि दुनिया में वाणिज्य और आपूर्ति श्रृंखला की प्रकृति ऐसी है कि पारंपरिक सावधानियां हमेशा पर्याप्त नहीं होती हैं। तेजी से बढ़ने के लिए विश्वसनीय भागीदारों के साथ सहयोग की आवश्यकता होगी। और यह वही है जिसे हम शुरुआत के रूप में देखते हैं। जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल और भारत के लिए इससे जुड़े निहितार्थों पर कहा कि अमेरिका के साथ भारत का रणनीतिक तालमेल समय के साथ और गहरा हुआ है जो कई सहयोगी अवसर प्रदान करता है।

मुलाकात



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

रूसी और सीरियाई लड़ाकू विमान लगातार बमबारी कर रहे

# सीरिया में विद्रोहियों पर सेना ने किए जवाबी हमले, 425 को मारने का दावा

- रूस, ईरान ने कहा, सीरिया की हर तरह से मदद की जाएगी
- ईरान समर्थित लड़ाके सरकारी सेना का साथ देने सीरिया पहुंचे

एजेंसी, दमिश्क

सीरिया में अलेप्पो पर विद्रोहियों के कब्जे और हामा प्रांत व अन्य क्षेत्रों में उनके बढ़ने से गतिविधियां तेज हैं। विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में रूसी और सीरियाई लड़ाकू विमान लगातार बमबारी कर रहे हैं। ताजा बमबारी में 25 लोगों के मारे जाने की सूचना है। जमीनी जवाबी कार्रवाई में 400 विद्रोहियों को मारने का सरकारी सेना ने दावा किया है। इस बीच ईरान समर्थित मिलीशिया इराक से सीमा पार कर सीरिया में दाखिल हो गई है, वह वहां पर विद्रोहियों से लड़ाई में सरकारी सेना का सहयोग करेगी। हालात पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेश्कियान से फोन पर बात की है।

### बशर अल-असद सरकार को रूस का समर्थन

रूस ने कहा है कि सीरिया की बशर अल-असद सरकार को उसका समर्थन जारी है, जरूरत के अनुसार सीरिया को सैन्य सहायता दी जाएगी। ईरान ने भी सीरिया की हर तरह से मदद करने का एलान किया है। रूस और सीरिया के विमानों ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इदलिब शहर पर बमबारी की है। हवाई हमलों में मारे गए लोगों में 10 बच्चे भी हैं। तुर्किये की सीमा के नजदीक विद्रोहियों के कब्जे वाले इस शहर में करीब 40 लाख लोग अभावों के बीच अस्थायी आवासों में रह रहे हैं। सरकारी सेना ने दावा किया है कि जमीनी लड़ाई में उसने विद्रोहियों को पीछे धकेलकर कुछ जमीन उनसे मुक्त कराई है। जबकि अलेप्पो के लोग सरकारी सेना के इस तरह से शहर छोड़कर भागने से हैरान हैं। बहुत सारे लोग शहर छोड़कर जा रहे हैं जबकि बाकी लोगों को लग रहा है कि उन्हें बेसहारा छोड़ दिया गया है।



**यूएस समेत अन्य देशों ने की तनाव कम करने की अपील**

अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने सभी पक्षों से सीरिया में तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। जार्डन और इराक ने विद्रोहियों से लड़ रहे सीरिया के समर्थन का एलान किया है। जबकि यूएई के राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायेद अल-नाह्यान ने अबूधाबी आए सऊदी अरब के युवराज मुहम्मद बिन सलमान से सीरिया सहित क्षेत्र के अन्य मुद्दों पर बात की है। विद्रोहियों के इस तरह से चंद रोज में अलेप्पो पर कब्जे के बाद रूस ने सीरिया में रूसी सेना के प्रभारी जनरल सर्गेई किसेल को हटा दिया है।

संपादकीय

# किसानों का अल्टीमेटम

**किसान** एक बार फिर सड़कों पर हैं। फिलहाल किसानों ने दिल्ली मार्च स्थगित कर दिया है, लेकिन साथ में अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सात दिन के अंदर उनकी मांगें नहीं मांगी गईं तो फिर दिल्ली कूच करेंगे। प्रशासन ने किसानों से सात दिनों का समय मांगा जो किसानों की ओर से दे दिया गया है, लेकिन अब किसानों ने अपने रुकने की, खाने पीने की और सोने की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। भारतीय किसान परिषद (बीकेपी) के नेता सुखबीर खलीफा ने रविवार को किसानों के लिए नए कृषि कानूनों के तहत मुआवजे और लाभ की मांग को लेकर मार्च की घोषणा की थी। इसे किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम), संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और अन्य किसान संगठनों ने समर्थन दिया। सवाल यह है कि किसानों को क्यों बार-बार सड़कों पर आना पड़ता है? किसानों ने दिल्ली मार्च स्थगित किया है, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। लगभग तीन हजार दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे। इसके लिए इंतजाम किए गए हैं। क्या एक बार फिर देश एक लंबे किसान आंदोलन को देखेगा? इस बार किसानों की मांगें नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण से जुड़ी हुई हैं। किसानों की प्रमुख मांगें तीनों प्राधिकरण के किसानों को 10 प्रतिशत प्लॉट, 2013 भूमि अधिग्रहण नियमावली प्रभावी करने और संपूर्ण आबादी निस्तारण की हैं। इसके अलावा अलग-अलग संगठनों की प्राधिकरण से मांगे गांव के विकास, मुआवजा न दिया जाना, अतिक्रमण के नाम पर बुल्डोजर चलाने पर रोक व अन्य हैं। किसान चाहते हैं कि उनकी भूमि का अधिग्रहण होने पर उन्हें उचित मुआवजा मिले। गोरखपुर हाईवे परियोजना का उदाहरण दिया जा रहा है, जहां किसानों को उनकी भूमि के बदले बाजार दर का 4 गुना मुआवजा दिया गया। गौतमबुद्ध नगर के किसानों का आरोप है कि उन्हें ऐसा मुआवजा नहीं मिला। 2014 के बाद सर्किल रेट भूमि का सरकारी मूल्य में बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिससे मुआवजा कम आंका जा रहा है। किसानों की मांग है कि फसलों के लिए एमएसपी को कानून द्वारा गारंटी दी जाए। इसके अलावा, उनके बकाया फसल भुगतान और समर्थन मूल्य को समय पर लागू करने की बात भी हो रही है। किसानों की मांगें न मानने का मतलब होगा, किसान दिल्ली कूच करेंगे और फिर पहले की तरह उन्हें रोकने की कोशिशें की जाएंगी। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि जो सात दिन का समय किसानों से मिला है, उसमें कोई ऐसा रास्ता निकाल लिया जाए, जो किसानों को दिल्ली कूच न करना पड़े?

**क्या ऐसा नहीं हो सकता कि जो सात दिन का समय किसानों से मिला है, उसमें कोई ऐसा रास्ता निकाल लिया जाए, जो किसानों को दिल्ली कूच न करना पड़े?**


पाठकवाणी

## इंटरनेट पर अश्लीलता कब रुकेगी?

**संस्कार** रहित शिक्षा किसी भी परिवार, जाति अथवा राष्ट्र के पतन का कारण बन जाती है। आज शिक्षा का उद्देश्य मात्र आर्थिक आधार बनकर रह गया है। दुर्भाग्य तो यह भी है कि परिवार भी संस्कारों से कोसों दूर होते नजर आ रहे हैं। दो वर्ष के होते-होते बच्चे के हाथ में मोबाइल आ जाता है। रही सही कसर आन लाइन शिक्षा ने पूरी कर दी। आज आए दिन पर्यावरण व मौसम को लेकर प्रशासन द्वारा विद्यालयों को बन्द करने और आन लाइन शिक्षा के आदेशों ने संस्कारों और अनुशासन को शिक्षा से दूर कर दिया है। जो बालक में अवसाद और एकान्तता की पैठ को बढ़ावा दे रहे हैं। इन्टरनेट पर आज अश्लील और आपराधिक सामग्री की भरमार है। जिस बालक को शैक्षिक प्रयोग के लिए माता पिता मोबाइल पकड़ा रहे हैं, अब उस बच्चे पर निर्भर करता है कि वो उसका प्रयोग किस 'शिक्षा' के लिए कर रहा है? ये देखने के लिए माता-पिता के पास समय नहीं है। बच्चों का अपसंस्कृति की तरफ आकर्षित होने में माता-पिता भी बराबर के दोषी हैं। यह सुखद है इस समस्या की तरफ सबसे पहला कदम आस्ट्रेलिया जैसे देश ने बढ़ाया है, जहां की सरकार ने 16 वर्ष के कम आयु के बच्चों के लिए इंटरनेट के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब देखना यह है कि भारत सरकार इस तरफ कब ध्यान देगी?

**-डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

कुछ खास



सरकार ने सभी को एक ही काम सौंपा है, जमीन खोदो और देखो क्या निकलता है। मस्जिद खोदो और देखो कि अलाउद्दीन निकलता है या नहीं। वे बोलते हैं, यहां कुछ था। यह कब था? 500 साल पहले। आपको कैसे पता कि 500 साल पहले यहां क्या था?

**-असदुद्दीन ओवैसी**, एआईएमआई, अध्यक्ष

आज का ट्वीट



''केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों, हठधर्मिता और संवेदनहीन रवैए के कारण किसान को आज फिर सड़कों पर उतरने के लिए विवश होना पड़ा है।''

**-सचिन पायलट**

# गहरा होता बेरोजगारी का संकट

सामयिक



**शाहीन सबा**

**बेरोजगारी का संकट केवल आंकड़ों की समस्या नहीं है, यह करोड़ों लोगों की जिंदगी को सीधे प्रभावित करता है। रोजगार केवल आय का स्रोत नहीं है; यह आत्म-सम्मान, सामाजिक पहचान, और जीवन की गुणवत्ता से भी जुड़ा है। भारत को इस समस्या से उबरने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।**

बेरोजगारी भारत के सबसे जटिल और गंभीर मुद्दों में से एक है, जो समाज और अर्थव्यवस्था दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यह समस्या केवल नौकरी की कमी तक सीमित नहीं है; यह रोजगार की गुणवत्ता, स्थायित्व और आय के असमान वितरण से भी जुड़ी है। जब क्लर्क, चपरासी और सफाईकर्मी जैसे पदों के लिए एमए और पीएचडी जैसे उच्च शिक्षित लोग आवेदन करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी रोजगार व्यवस्था में बुनियादी खामियां हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कामकाजी उम्र की आबादी में केवल 3 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। यह आंकड़ा पहली नजर में आशावादी प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता इससे बहुत अलग है। भारत में बेरोजगारी को मापने के लिए दो प्रमुख मानक अपनाए जाते हैं। पहला सामान्य स्थिति है जिसमें अगर व्यक्ति साल में 30 दिन से अधिक काम करता है, तो उसे बेरोजगार नहीं माना जाता। दूसरा साप्ताहिक स्थिति, जिसमें अगर व्यक्ति सप्ताह में एक घंटे भी काम करता है, तो उसे बेरोजगार की सूची से बाहर कर दिया जाता है। भारत में यह परिभाषा इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल वास्तविक बेरोजगारी को छुपाती है, बल्कि नीतियों को प्रभावी बनाने में भी बाधा उत्पन्न करती है।

यह परिभाषा इतनी व्यापक है कि इससे असली बेरोजगारों की गिनती ही नहीं होती। विकसित देशों की परिभाषा इससे बहुत अलग है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में यदि व्यक्ति पिछले चार सप्ताह में सक्रिय रूप से नौकरी की तलाश कर रहा हो और काम के लिए उपलब्ध हो, तो उसे बेरोजगार माना जाता है।अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, 15 से 74 वर्ष का कोई भी व्यक्ति, जो सक्रिय रूप से नौकरी खोज रहा है, और जिसने पिछले चार सप्ताह में काम की तलाश की है या दो सप्ताह के भीतर काम शुरू करने के लिए उपलब्ध है, वह बेरोजगार की श्रेणी में आता है।



शिक्षा को हमेशा रोजगार का माध्यम माना जाता है। लेकिन भारत में यह धारणा बदलती हुई नजर आ रही है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पी एल एफ एस) 2023-24 के अनुसार, बिना पढ़े-लिखे लोगों में 59.6 प्रतिशत रोजगार में हैं। इसके विपरीत, स्नातक और उससे अधिक शिक्षित लोगों में रोजगार दर केवल 57.5 प्रतिशत है। इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट-2024 के आंकड़े दर्शाते हैं कि कम पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी दर केवल 3.2 प्रतिशत है, जबकि उच्च शिक्षित वर्ग में यह दर 28.7 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। यह विरोधाभास कई सवाल खड़े करता है। प्रश्न उठता है कि क्या हमारी शिक्षा प्रणाली रोजगारोन्मुखी है? क्या स्नातकों और पोस्ट-ग्रेजुएट्स के पास वह कौशल है, जिसकी बाजार को आवश्यकता है? क्या शिक्षा केवल एक डिग्री प्राप्त करने तक सीमित रह गई है? आंकड़े बताते हैं कि भारत में शिक्षा और रोजगार के बीच तालमेल की भारी कमी है।

भारत में कामकाजी आबादी के बीच आय असमानता एक और बड़ी समस्या है। 78 प्रतिशत कामकाजी लोगों की मासिक आय 14,000 रुपये से कम है। स्वरोजगार करने वालों की औसत मासिक आय नौकरीपेशा व्यक्तियों से लगभग 7, 423 रुपये कम है। नौकरीपेशा लोग औसतन 20,000 रुपये प्रति माह कमाते हैं, जबकि स्वरोजगार करने वालों की आय इससे बहुत पीछे है। साथ ही भारत में बड़ी संख्या में लोग ऐसे काम कर रहे हैं, जिनमें वे न्यूनतम वेतन भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। यह समस्या असंगठित क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है। आय की इस असमानता का प्रभाव न केवल व्यक्तिगत जीवन पर पड़ता है, बल्कि यह देश की आर्थिक प्रगति को भी बाधित करता है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी का स्वरूप और इसके कारण अलग-अलग हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की बात करें तो यहां ज्यादातर लोग कृषि और असंगठित क्षेत्रों पर निर्भर हैं। मौसमी रोजगार, कम आय, और स्थिरता की कमी यहाँ की प्रमुख समस्याएँ हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में बेरोजगारी दर अधिक है क्योंकि प्रतिस्पर्धा तीव्र है और नौकरी के अवसर सीमित हैं। उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की दर शहरी क्षेत्रों में अधिक है। भारत में महिलाओं की रोजगार भागीदारी दर पुरुषों की तुलना में बहुत कम है। सामाजिक बंधन, शिक्षा की कमी, और परिवार की प्राथमिकताओं के कारण महिलाएं कामकाजी क्षेत्र से दूर हो जाती हैं। बेरोजगारी समस्या के मूल कारण की बात करें तो पहला है, शिक्षा और कौशल का असंतुलन होना, इससेहमारी शिक्षा प्रणाली रोजगारोन्मुखी नहीं है। इससे स्नातक होने के बावजूद युवाओं के पास बाजार में मांग के अनुसार कौशल की कमी है। दूसरा, असंगठित क्षेत्र का वर्चस्व है।भारत में अधिकांश कामकाजी लोग असंगठित क्षेत्र में हैं, जहाँ न तो स्थिर आय है और न ही सामाजिक सुरक्षा। तीसरा, सरकारी नौकरियों पर निर्भरता अधिक है। सरकारी नौकरियाँ सुरक्षित और सम्मानजनक मानी जाती हैं। इसलिए बड़ी संख्या में लोग इन्हीं पर निर्भर रहते हैं, जबकि निजी क्षेत्र में अवसर सीमित हैं। चौथा, स्वरोजगार में रुचि की कमी है। स्वरोजगार करने वालों के लिए संसाधनों और प्रोत्साहन का अभाव है।

इससे पहके कि यह और मुश्किलें पैदा करें इसका समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा। जैसे कि पहला, शिक्षा प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए। शिक्षा को व्यावसायिक और कौशल विकास के साथ जोड़ा जाए।पाठ्यक्रम को उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाए। दूसरा, स्वरोजगार को बढ़ाया जाया। स्वरोजगार के लिए आसान ऋण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएं। युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सरकार ने इसपर काम किया है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि लोगो में लोन का अभी भी भय है जिसे दूर करना सरकार की जिम्मेवारी है। तीसरा, असंगठित क्षेत्र में सुधार की जरूरत है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ लाई जाएँ और इनका न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए। चौथा, महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएं। महिलाओं को कार्यक्षेत्र में लाने के लिए विशेष रोजगार योजनाएं लागू की जाएं। बाल देखभाल सुविधाएं और लचीले कार्य घंटे प्रदान किए जाएं। पांचवी,आधुनिक तकनीक और डिजिटल कौशल को बेहतर किया जाए। युवाओं को तकनीकी और डिजिटल कौशल से लैस किया जाए। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं।

बेरोजगारी का संकट केवल आंकड़ों की समस्या नहीं है, यह करोड़ों लोगों की जिंदगी को सीधे प्रभावित करता है। रोजगार केवल आय का स्रोत नहीं है; यह आत्म-सम्मान, सामाजिक पहचान, और जीवन की गुणवत्ता से भी जुड़ा है। भारत को इस समस्या से उबरने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सरकार, उद्योग, और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि रोजगार के अवसर केवल बढ़ें नहीं, बल्कि वे गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ भी हों।

साइबरवर्ल्ड

## समाज सेवा से चंदाखोरी तक

**कोई** इंसान एकदम से चंदाखोर या चंदा चोर नहीं बनता यानी कोई भी इंसान बतौर चंदा चोर अपना करियर शुरू नहीं करता। वो शुरुआत सोशल वर्क यानी खिदमत खल्क से ही करता है। चंदा चोरी की शुरुआत होती है सफर का खर्च निकालने से। वो सोचता है या उसे बताया जाता है कि जब आप कौम के काम से जा रहे हो तो अपनी जेब से क्यों खर्च करना? वह चंदे के पैसे से कभी वो अपने व्हीकल में तेल डलवा लेता है, कभी टैक्सी कर लेता है। इसके लिए वो मसले-फतवे पूछता है तो जवाज निकल जाता है। अब चूंकि जवाज निकल चुका है तो वो अपने सफर को लक्जीरियस बना लेता है। यानी जहां बस से जा सकता था, वहां कार से और जहां ट्रेन से जा सकता था, वहां जहाज से जाने लगता है। जैसे-जैसे चंदे का ग्रेड बढ़ता है, टैक्सी की कार बदलती रहती हैं और इकोनोमी से बिजनेस क्लास में आ जाता है। ध्यान रहे कि जवाज निकल चुका है तो सफर के तमाम खर्च जैसे-खाना, ठहरना सब चंदे के पैसे से होने लगता है। इसमें भी चंदे का ग्रेड बढ़ने के साथ-साथ खाने और स्टे का लेवल बढ़ता रहता है। अब चूंकि गैरत धीरे-धीरे खत्म होने लगती है तो उसी सोशल वर्क के सिलसिले में जो लोग मिलने आते हैं (जिसे मीटिंग का नाम दिया जाता है)उनकी खातिर तवाजो भी चंदे के पैसे से होने लगती है। जब गैरत पूरी तरह मर चुकी होती है तो अपने दिल को यूं समझाता है कि जब मैं अपना सारा वक्त इसी खिदमत को दे रहा हूं, जिसकी वजह से मै अपने ज़ाती ती काम यानी आमदनी का कोई काम नहीं कर पा रहा हूं तो अगर अपने ज़ाती खर्च इससे निकाल रहा हूं तो क्या हर्ज है? अगर इस काम के लिए कोई मुलाज़िम रखा जाता या या इस काम को पैसे देकर कराया जाता तो इतने पैसे तो वो भी लेता, तो अगर इतने पैसे मैंने ही चंदे से निकाल लिए तो क्या गलत किया? अब हराम माल पेट में खपने लगा है, तो वो अपना असर दिखाता है और उसकी हराम माल की भूख बढ़ने लगती है। अब वो अपने दिल को समझाने के लिए खुद कहता है-फलां तो मदरसे के नाम पर इतना खा गया, फलां कब्रिस्तान की जमीन बेच कर खा गया, फलां ने मस्जिद की दुकानें कब्जा रखी हैं। इस तरह वो एक सोशल वर्कर से चंदाखोर तक का सफर तय करता है।

**-नदीम अख्तर** की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

## मूर्ख शिवाजी!

**एक** बार शिवाजी युद्ध के दौरान बुरी तरह से थक गए। आस-पास कुछ न देख वह एक वनवासी बुढ़िया के घर में जा घुसे। बहुत भूख लगी थी अतः उन्होंने कुछ खाने के लिए मांगा। सैनिक समझकर बुढ़िया ने उनके लिए प्रेम पूर्वक भात पकाकर एक पत्तल पर परोस दिया। शिवाजी को भूख जोर से लगी थी अतः उन्होंने जल्दबाजी में भात के बीच में हाथ दे मारा और अपनी अंगुलियां जला बैठे। यह देखकर बुढ़िया बोली, सैनिक ! दिखने में तो तू समझदार दिखाई देता है फिर भी मुर्ख शिवाजी की तरह गलती कर रहा है! यह सुनकर शिवाजी के कान खड़े हो गये। वह बोले, माई! शिवाजी ने ऐसी क्या गलती की जो आप उनको मुर्ख बोल रहे हो और मेरी गलती बताने की भी कृपा करें। बुढ़िया बोली, सैनिक! जिस तरह तू किनारे की ठंडी भात खाने के बजाय बीच में अपना हाथ डालकर अपनी अंगुलियां जला रहा है उसी तरह शिवाजी भी पहले छोटे-छोटे किलों को जीतकर अपनी शक्ति बढ़ाने के बजाय बड़े किलों पर धावा बोलकर मुंह की खाता है। इसीलिए मैंने तुझे शिवाजी की तरह मुर्ख कहा। अब शिवाजी को अपनी हार का कारण समझ आ चूका था। उन्होंने पहले छोटे-छोटे किलो को जीतकर अपनी शक्ति बढ़ाना शुरू कर दिया और बड़े-बड़े किले भी फतह कर लिए। शिवाजी को बुढ़िया की सीख काम आई।



तीखी नजर

## हवा...हवा ऐ हवा रे...



वीना सिंह

कभी यह गाना सिर्फ मोहब्बत की मीठी तानों में गाया जाता था। लेकिन आज के दौर में हवा इतनी खतरनाक हो चुकी है कि इसे गाते हुए डर लगता है। अब हवा सिर्फ सांसें ही नहीं देती, साथ में धूल, धुआं और फेफड़ों के लिए मुफ्त बीमारियां भी परोसती है। घसीटे चच्चा कहते हैं भइया, अब हवा में वह स्वाद नहीं रहा। पहले हवा में ताजगी मिलती थी, फूलों की खुशबू और मिट्टी की महक होती थी। अब हवा में प्रदूषण, धुआं और पेट्रोल-डीजल की गंध घुल चुकी है। अब तो सांस लेते ही फेफड़े ऐसा महसूस करते हैं जैसे कोई रेत के थैले से हवा खींच रहे हों।

दिल्ली के लोगों को तो सांस लेना बहुत ही महंगा पड़ रहा है। हवा में आक्सीजन कम और कार्बन डाइआक्साइड का राशन ज्यादा है। सांस लो तो लगता है लोन ले रहे हैं, ज्यादा खींचेंगे तो ब्याज बढ़ जाएगा। घरों में एयर प्यूरीफायर ऐसे चल रहे हैं, जैसे चौबीस घंटे का टीवी चैनल। कभी वो दिन थे जब लोग सुबह-सुबह खुले मैदानों में जाकर लंबी-लंबी सांसें लेते थे, अब मास्क पहन कर प्रदूषण गिनते हैं। मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर निकलने से पहले एयर क्वालिटी इंडेक्स चेक करते हैं।

सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें देख कर चच्चा कहते हैं, भइया, यह गाड़ियां नहीं, चलती-फिरती फैक्ट्रियां हैं। हर गाड़ी ऐसे धुआं उगलती है, जैसे अंदर लकड़ी-कंड़े से चूल्हा जल रहा हो। भला इन्हें कौन समझाए कि गाड़ियों से ज्यादा पैर चलाओ, पेड़-पौधे काटो नहीं, लगाओ। नहीं तो सांस लेने के लिए भी सिलिंडर खरीदना पडेगा। त्योहारों में तो लोग पगला ही जाते हैं। थोड़ी देर के मजे के लिए वह ऐसा धूम-धड़ाका करते हैं कि कान बेचारे बहरे ही हो जाएं, धुएं के बादल कई दिन तक डेरा डाले रहें। चच्चा माथा पीटकर कहते हैं भई! तुम तुम्हारा मजा, और पूरे शहर को सजा। लेकिन लोग ऐसे बाबरे कि चच्चा की बात को हवा में उड़ा देते हैं।

चच्चा फिर भी चेताते हैं कि हर साल हवा पर राजनीति तो खूब होती है पर समाधान हवा-हवाई ही रहता है। जब तक हवा पर सिर्फ राजनीति होती रहेगी, सांस लेना आसान नहीं होगा। हर साल की नई स्कीमें, हम पेड़ लगाएंगे। पराली जलाना बंद करेंगे। इलेक्ट्रिक वाहन बढ़ाएंगे। हकीकत में केवल भाषण की हवा चलायी जाती है। यह नेताजन विदेशों में जाकर जलवायु सम्मेलन में लंबी-चौड़ी बातें करके खूब छाती ठोकते हैं। लौट कर अपने घर आते ही पीठ दिखा देते हैं, फिर वही पुराना ढर्रा। चच्चा ठहाका लगाकर कहते हैं, इनका प्रदूषण रोकने का प्लान कुछ ऐसा है, जैसे आग बुझाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल करना। पता नहीं, यह हवा बदलेगी या बस राजनीति की दिशा ही बदलती रहेगी। हवा हवा, ऐ हवा, अब केवल गाने का हिस्सा नहीं, बल्कि हर इंसान की फरियाद है। जब तक हवा को साफ करने की सोचेंगे नहीं, तब तक सांस लेना भी एक सपना बन जाएगा। इसीलिए भाया, चच्चा की बात समझिए, थोड़ा संभलिए, वरना आने वाली पीढ़ी सांस लेने का लाइसेंस मांगने आएगी।

नजरिया

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर उठते सवाल



**प्रियंका सौरभ**

**सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे।**

भारतीय संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है। प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दर्शाते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित 'शिक्षण ट्रैक' शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।

भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियां एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं जिसमें पाठ्यक्रम आधुनिकीकरण, अनुसंधान वित्त पोषण, संकाय विकास और विविधता पहल शामिल हैं। सरकार और उद्योग के सहयोग में वृद्धि से समर्थित नीतिगत सुधार, अधिक गतिशील, उद्योग-संरेखित और समावेशी एसटीईएम पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं। भारत में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा तक असमान पहुंच, पुराना पाठ्यक्रम और अपर्याप्त धन शामिल है। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद, देश में अच्छी तरह से सम्मानित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है और सरकार ने शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा में निरंतर निवेश के साथ, भारत में सीखने और ज्ञान का एक अग्रणी केंद्र बनने और अपने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

## सार संक्षेप

### कोच गंभीर लौटे आस्ट्रेलिया



**एडिलेडः** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया वापस लौट गए हैं। वे मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे। 26 नवंबर को गौतम फैमिली फंक्शन में हिस्सा लेने के लिए भारत गए हुए थे। गौतम कैनबरा में हुए दो दिवसीय पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में टीम का हिस्सा नहीं थे। इस मैच को भारत ने 6 विकेट से जीता था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भर चुके हैं और मंगलवार को वह टीम इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे। गौतम की गंभीर की अगुवाई में टीम इंडिया विदेशी धरती पर यह पहला सबसे बड़ा सीरीज है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले घरेलू सरजमीं पर जब न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से हार मिली तो गौतम गंभीर की खूब आलोचना हुई, लेकिन पर्थ टेस्ट मैच में मिली जीत के बाद उनका सबका मुंह बंद हो गया है। गंभीर की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम ने अन्य कोचिंग स्टॉफ की देखरेख में ट्रेनिंग की थी। असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर, रेयान टेन डोशेट, बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने टीम को ट्रेनिंग दी थी। रोहित 24 नवंबर को टीम से जुड़े थे। वे पैटर्नटी लीव पर थे। रोहित की पत्नी रितिका ने बेटे को जन्म दिया है।

### हरियाणा कुश्ती दंगल के लिए आज ट्रायल

सिरसाः खेल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के अवसर पर कुरुक्षेत्र में 12 दिसंबर को हरियाणा कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के जिला स्तर पर चयन के लिए तीन दिसंबर को शहीद भगत सिह स्टेडियम, बरनाला रोड, सिरसा में ट्रायल करवाए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि हरियाणा कुश्ती दंगल में पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में पुरुष खिलाड़ी 79 किलोग्राम से कम व 79 से 97 किलोग्राम भार वर्ग तथा महिला खिलाड़ी 62 से कम, 62 से 76 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि भारवर्ग में जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पहलवानों का ही चयन हरियाणा कुश्ती दंगल के लिए होगा। जिला स्तर पर ट्रायल तीन दिसंबर को शहीद भगत सिह स्टेडियम, बरनाला रोड, सिरसा में लिए जाएंगे। इन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को सिरसा के निवासी होने चाहिए तथा अपना हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो व आधार कार्ड साथ लेकर आना चाहिए।

### डीएसए विमेंस चैंपियनशिपः गुडविल और नोएडा ने जीते मुकाबले

नयी दिल्लीः डीएसए विमेंस चैंपियनशिप, 2024 में खेले गए एकतरफा मुकाबले में गुडविल फुटबाल क्लब ने ड्रीम टीम को 4-2 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए । वहीं दिन के दूसरे मैच में नॉएडा फुटबाल क्लब ने वारियर्स एफसी को 3-1 से परास्त किया। जानकी देवी महाविद्यालय में खेले गए मुकाबले में गुडविल की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑ×फ द मैच गीतिका नेगी रही। गीतिका ने दो गोल किये। नीतिका नेगी और नैना मखीजा ने एक एक गोल बांटे । पराजित ड्रीम के लिए अंजलि ने एक गोल किया, जबकि राधिका पाठक से आत्मघाती गोल हुआ। नॉएडा की जीत में कप्तान श्रुति, मल्लिका और अंजलि के एक एक गोल का योगदान रहा। पराजित वारियर्स का इकलौता गोल तेजस्वीनी ने किया।

# भारत ने जापान पर दर्ज की शानदार जीत

## अंडर 19 एशिया कपः कप्तान अमान ने लगाया नाबाद शतक, हार्दिक और चेतन ने झटके दो-दो विकेट

### 211 रन से जीत दर्ज कर अंक तालिका में भारत पहुंचा तीसरे स्थान पर

● शारजाह,



**कप्तान** मोहम्मद अमान (नाबाद 122) की शतकीय पारी, आयुष म्हात्रे (54) और केपी कार्तिकेय (57) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप के आठवें मुकाबले में जापान को 211 रनों से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारत के दो मैचों में एक हार और एक जीत के साथ दो अंक हो गये और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

340 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम की शुरुआत धीमी रही। ह्यूगो केली और निहार परमार की सलामी जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 14वें ओवर में हार्दिक राज ने निहार परमार (14) को आउट भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान कोजी आबे (शून्य) को केपी कार्तिकेय ने बोल्ड कर भारत के लिए दूसरा विकेट झटका। काजुमा काटो-स्टैफर्ड (आठ) पर रन आउट हुये। 33वें ओवर में हार्दिक राज ने ह्यूगो केली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। केली ने 111 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (50) रनों की पारी खेली। इसके बाद चार्ल्स हिंजे को छोड़कर जापान का कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। चार्ल्स हिंजे ने 68 गेंदों में (नाबाद 35) रन बनाये। तिमुती मूरे (एक), आदित्य फाड़के (नौ) और केवाई लेक (एक) रन बनाकर आउट हुये। जापान की टीम निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 128 रन हीं बना सकी और 211 रनों से यह मुकाबला हार गई।

भारत की ओर से चेतन शर्मा , हार्दिक राज और केपी कार्तिकेय ने दो-दो विकेट लिये। युद्धजीत गुहा को एक विकेट मिला। इससे पहले सोमवार यहां जापान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की आयुष महात्रे और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 65 रन जोड़े। आठवें ओवर में चार्ल्स हिंजे ने वैभव सूर्यवंशी (23) को आउट कर जापान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में आर तिवारी ने आयुष महात्रे (50) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे सिद्धार्थ (37),निखिल कुमार (12), हरवंश पंगालिया (एक) रन बनाकर आउट हुये। केपी कार्तिकेय ने 49 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से (57) रनों की पारी खेली। कप्तान मोहम्मद अमान ने 118 गेंदों में सात चौके लगाते हुये (नाबाद 122) रन बनाये। हार्दिक राज ने 12 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 25) रनों की पारी खेली भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 339 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जापान की ओर से केवाई लेक और ह्यूगो केली ने दो- दो विकेट लिये। चार्ल्स हिंजे और आर तिवारी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ह्यूज केली ने 32वें ओवर की आखिर बॉल पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 50 रन के लिए 108 बॉल का सामना किया। इसके बाद अगले ही ओवर में वे स्टंपिंग आउट हो गए। यहां ओवर की तीसरी बॉल पर डिफेंस करने की कोशिश में उनका पिछला पैर क्रीज के बाहर चला गया और विकेटकीपर हरवंश सिंह ने उन्हें स्टंप्स आउट किया। केली ने 111 बॉल पर 50 रन बनाए। जापानी पारी के आखिरी ओवर में चेतन शर्मा ने दो विकेट लिए। ओवर की पहली बॉल पर उन्होंने कीफर यामामोटो लेके को एक रन पर आयुष के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दूसरी बॉल पर मैक्स योनेकावा लिन को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। जापान ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 128 रन बनाए। चार्ल्स हिंजे 68 बॉल पर 35 रन बनाकर नाबाद रहे। बता दे कि भारत का अगलीा मुकाबला चार दिसंबर को यूएई के खिलाफ होगा।

### स्कोर बोर्ड

| भारत अंडर 19 | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आयुष का आबे बो आर तिवारी | 54 | 26 | 6 | 4 |
| वैभव का मूरे बो चार्ल्स हिंजे | 23 | 23 | 3 | 1 |
| आंद्रे सिद्धार्थ का व बो केली | 35 | 48 | 2 | 0 |
| मोहम्मद अमान नाबाद | 122 | 118 | 7 | 0 |
| कार्तिकेय का मूरे बो केली | 57 | 49 | 5 | 1 |
| निखिल का चार्ल्स बो वाई लेक | 12 | 17 | 1 | 0 |
| अतिरिक्त : 10 रन | | | | |
| कुलः 50 ओवर में छह विकेट पर 339 रन | | | | |
| विकेट पतनः 1-65, 2-81, 3-139, 4-261, 5-287, 6-289 | | | | |

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| वाई लेक | 10 | 1 | 84 | 2 |
| काटो स्टैफर्ड | 7 | 0 | 61 | 0 |
| चार्ल्स हिजे | 10 | 0 | 56 | 1 |
| आर तिवारी | 8 | 0 | 61 | 1 |
| निहार परमार | 7 | 0 | 35 | 0 |
| केली | 8 | 0 | 42 | 2 |

| जापान अंडर 19 | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| केली स्ट. हरवंश बो हार्दिक | 50 | 111 | 6 | 0 |
| निहार परमार बो हार्दिक | 14 | 31 | 0 | 0 |
| कोजी बो कार्तिकेय | 0 | 08 | 0 | 0 |
| काटो स्टैफर्ड रन आउट | 08 | 26 | 0 | 0 |
| चार्ल्स हिंजे नाबाद | 35 | 68 | 2 | 0 |
| तिमुती मूरे पगबाधा कार्तिकेय | 01 | 16 | 0 | 0 |
| आदित्य का हार्दिक बो युद्धजीत | 09 | 26 | 1 | 0 |
| केवाई लेक का आयुष बो चेतन | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मैक्स लेयन बो चेतन | 04 | 07 | 0 | 0 |
| डेनियल नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : 10 रन | | | | |
| कुल : 50 ओवर में आठ विकेट पर 128 रन | | | | |
| विकेट पतनः 1-50, 2-53, 3-70, 4-88, 5-94, 6-119, 7-126, 8- 126 | | | | |

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| समर्थ | 8 | 0 | 48 | 0 |
| युद्धजीत | 7 | 3 | 9 | 1 |
| चेतन शर्मा | 8 | 0 | 14 | 2 |
| हार्दिक राज | 8 | 2 | 9 | 2 |
| कार्तिकेय | 10 | 1 | 21 | 2 |
| निखिल कुमार | 4 | 0 | 9 | 0 |
| आयुष | 5 | 0 | 16 | 0 |

# शाम के समय गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण : पुजारा

● एडिलेड,



**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे दिन रात्रि टेस्ट मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि लाल और गुलाबी गेंद में अंतर होता और शाम के समय गुलाबी गेंद से खेलना चुनौतीपूर्ण होता है।

पुजारा ने कहा, जिसने भी गुलाबी गेंद से टेस्ट खेला है वह आपको बताएगा कि शाम के समय बल्लेबाजी करना सबसे मुश्किल होता है। उस समय रोशनी पूरी तरह से नहीं होती है, ना ही पूरा अंधेरा होता है उस समय स्टेडियम की लाइट जलाई जाती है और तब आपको थोड़ा कम दिखता है। उस समय बल्लेबाजों के लिए गुलाबी गेंद खेलना अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने, आपने देखा होगा कि लाल गेंद अधिक चमकती नहीं होती है। इसमें पेंट की कुछ अधिक लेयर होती हैं, जो जल्दी से नहीं जाती है। जब आप लाल गेंद का सामना कर रहे हो तो यह आम लेदर गेंद है जो जल्दी से पुरानी हो जाती है। जबकि गुलाबी गेंद में अधिक समय तक चमक बनी रहती है। उन्होंने कहा, गुलाबी गेंद पर पेंट की अधिक लेयर होती हैं और जब यह पिच पर पड़ती है, सीम पर गिरती है या चमकीले हिस्से पर भी गिरती है तो इसमें थोड़ा अधिक जोखिम होता है। ऐसे समय में बल्लेबाज के तौर पर आपके पास कम समय होता है। आपके पास लाल गेंद खेलने जितना समय नहीं होता है और यही बड़ा अंतर है जिसमें ढलना होगा।

# अंडर-19 एशियाकपः पाकिस्तान ने यूएई को 69 रनों से हराया

### शाहजेब खान और रियाजुल्लाह ने खेली शतकीय पारी

● दुबई,

**शाहजेब** खान (132) और मुहम्मद रियाजुल्लाह (106) रनों की बेहतरीन शतकीय पारियों के बाद अब्दुल सुभान (छह विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने सोमवार को अंडर-19 एशियाकप के ग्रुप ए के सातवें मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 69 रनों से हरा दिया है।

315 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये थे। यायिन राय (18), आर्यन सक्सेना (24) और अक्षत राय (पांच) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एथन डिसूजा, मुहम्मद रेयान ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिय 113 रनों की साझेदारी हुई। मुहम्मद रेयान ने 66 गेंदों में एक चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाये। नूरुल्लाह अयोबी (एक), अयान अफजल खान (15), अब्दुल्ला तारिक (एक) रन बनाकर आउट हुये।एथन डिसूजा ने 102 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए (84)रनों की पारी खेली। यूएई की टीम निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 245 रन ही बना सकी और 59 रनों से मुकाबला हार गई। पाकिस्तान की ओर से अब्दुल सुभान ने छह विकेट लिये। मोहम्मद अहमद ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले आज यहां संयुक्त अरब अमीरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की उस्मान खान ओर शाहजेब खान की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 94 रन जोड़े। 20वें ओवर में उदिश सूरी ने उस्मान खान (41) को आउट कर यूएई को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मुहम्मद



रियाजुल्लाह ने शाहजेब खान के साथ दूसरे विकेट लिये 183 रन जोड़े।

# डी गुकेश ने डिंग लिरेन को बराबरी पर रोका

## विश्व शतरंज चैंपियनशिपः दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार तीसरा मुकाबला ड्रा

### गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया, चैपिंयन बनने के लिए चाहिये 4.5 अंक

● सिंगापुर,




**भारतीय** चैलेंजर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच रविवार को खेली गई विश्व शतरंज चैंपियनशिप की छठी बाजी ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार तीसरा मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद स्कोर 3-3 से बराबर है। उन्हें चैम्पियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। इस मैच का यह चौथ ड्रॉ मुकाबला था। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी जबकि 18 साल के गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे।

इससे पहले दूसरा, चौथा और पांचवां मुकाबला भी ड्रॉ पर छूटा था। चौदह चरण के मैच में अभी भी आठ गेम बचे हुए है और सोमवार को दूसरे रेस्ट डे के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला फिर शुरू होगा। दुनिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने इस मैच के लिए लिरेन को कमतर आंका था लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वह प्रत्येक बाजी के साथ आत्मविश्वास हासिल कर रहे हैं। लिरेन ने सफेद मोहरों के साथ एक बार फिर शानदार शुरूआत करते हुए शुरूआती सात मिनट के अंदर 20 चाल चल कर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। इस प्रक्रिया में हालांकि दोनों खिलाड़ियों को घोड़े (नाइट) और वजीर (बिशप) जैसे अहम मोहरों को गंवाना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों को इसके बाद रानी (क्वीन) और हाथी (रूक) के साथ प्यादे (पॉन) पर निर्भर रहना पड़ा।

गुकेश ने मुकाबले के शुरूआती भाग में 50 मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बिताया, जिससे लिरेन को मैच में पहली बार 45 मिनट की बढ़त मिली। गुकेश की 20वीं चाल ने लिरेन को लंबा समय लेने पर मजबूर किया। लिरेन ने इस दौरान अपना सारा अतिरिक्त समय खर्च किया। दोनों खिलाड़ी इसके बाद चालों को दोहराने लगे और मुकाबला बराबरी पर छूटा। मुकाबला जब ड्रॉ हुआ उस समय कंप्यूटर पर लिरेन बेहतर स्थिति में थे। इस मुकाबले के दौरान आधिकारिक कमेंट्री कर रहे इंग्लैंड के ग्रैंड मास्टर डेविड हॉवेल ने कहा, 'डिंग ने बड़ा मौका गंवा दिया।

18 साल के गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी, जबकि गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर इस ड्रॉ के बाद गुकेश और लिरेन के बीच का फाइनल स्कोर 3-3 की बराबरी पर है। इस मुकाबले से दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक मिले। बता दें चेस में एक मैच जीतने पर एक अंक मिलते हैं, जबकि ड्रॉ मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को 0.5-0.5 अंक दिए जाते हैं। अब तक दोनों प्लेयर्स एक-एक मुकाबले ही जीत सके हैं। पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला चैंपियन बनेगा वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में गुकेश और लिरेन के बीच 14 गेम खेले जाएंगे। यह 12 दिसंबर तक चलेगा।

फाइनल स्कोर बराबर रहने पर ट्राईब्रेकर मुकाबला खेला जाएगा, जो 13 दिसंबर को होगा। वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा है कि दो एशियाई खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं।

बता दे कि डी गुकेश का पूरा नाम डोमाराजू गुकेश है और वे चेन्नई के रहने वाले हैं। गुकेश का जन्म चेन्नई में 7 मई 2006 को हुआ था। उन्होंने 7 साल की उम्र में ही शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्हें शुरू में भास्कर नागैया ने कोचिंग दी थी। नागैया इंटरनेशनल स्तर के चेस खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में चेस के होम ट्यूटर हैं। इसके बाद विश्वनाथन आनंद ने गुकेश को खेल की जानकारी देने के साथ कोचिंग दी। गुकेश के पिता डॉक्टर हैं और मां पेशे से माइक्रोबायोलोजिस्ट हैं।

# पिंक बॉल टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर मिशेल मार्श फिट

### कप्तान पैट कमिंस ने भी मार्श की फिटनेस पर जताई थी चिंता

● एडिलेड,

**ऑस्ट्रेलियाई** ऑलराउंडर मिचेल मार्श पूरी तरह फिट हैं। वह एडिलेड में छह दिसंबर से होने वाले पिंक बॉल टेस्ट में खेल सकते हैं। मार्श ने खुद इसकी जानकारी ऑस्ट्रेलियाई स्पोर्ट्स चैनल को दिए एक इंटरव्यू में दी।

मार्श ने इंटरव्यू में अपने फिटनेस को लेकर कहा कि उनका शरीर बिल्कुल ठीक है, वह दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

पर्थ टेस्ट के बाद दर्द में थे मिचेल मार्श पर्थ टेस्ट के बाद मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव था। मार्श की चोट पर ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने कहा था मार्श की फिटनेस पर थोड़ा संदेह है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी मार्श की फिटनेस पर चिंता जताई थी।

मार्श के मांशपेशियों में खिंचाव के बाद तस्मानिया के ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल किया गया था। वेबस्टर स्पिन और मीडियम पेस गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं।

वेबस्टर ने इंडिया-ए के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए 145 रन बनाए थे। साथ ही सात विकेट भी लिए थे। इतना ही नहीं, उन्होंने सिडनी में शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 61 और 49 के स्कोर बनाए थे और पांच विकेट भी झटके थे।



भारत भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 से आगे चल रही है। टीम ने पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को चार दिनों के भीतर 295 रनों से हराया था। बॉर्डर-गास्कर ट्रॉफी का दूसरा मुकाबला छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)